तापमान

अधिकतम 33.5 डिग्री

न्यूनतम 14.6 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 14 फरवरी 2025


10 मेयर की जीत का पहले आएगा रूझान सबसे देर से आएगा वार्ड 58 का रिजल्ट



11 भगवान राम-भरत मिलन की कथा सुनकर भाव विभोर हो उठे श्रद्धालु





# धरी रह गई फूड प्रोसेसिंग यूनिट, भूमिपूजन कर भूले जिम्मेदार

अतुल अग्रवाल ▶▶| भिलाई

किसानों को उनके उत्पादों को प्रोसेसिंग के लिए प्लेटफार्म उपलब्ध कराए जाने की योजना दुर्ग जिले में धरी रह गई है। पिछले करीब 7 सालों से यह योजना सिर्फ कागजों पर रेंग रही है। हरिभूमि की पड़ताल में खुलासा हुआ है कि पहले बीजेपी की सरकार और बाद में कांग्रेस की सरकार में दुर्ग जिले में फूड प्रोसेसिंग प्लांट खोलने की कार्ययोजना बनी। वित्तीय बजट में इसका समावेश भी किया गया। कांग्रेस शासन में तत्कालीन मंत्री रवींद्र चौबे ने इसका भूमिपूजन तक कर दिया, लेकिन काम कुछ नहीं हुआ। बता दें कि योजना उद्योग, सीएसआईडीसी, कृषि और उद्यानिकी विभाग के इर्द-गिर्द घूमते रही, लेकिन काम एक ढेले का नहीं हुआ। जबकि दुर्ग में इस समय टमाटर की सबसे ज्यादा खेती हो रही है। लगातार ठंड के दिनों में किसान टमाटर फेंकते हैं, इसे देखते हुए फूड प्रोसेसिंग यूनिट का बात कही गई, लेकिन इसे शुरू नहीं किया जा सका। योजना को शुरू करने के दौरान कहा गया था कि फूड प्रोसेसिंग यूनिट में जैम, जेली, पिकल, कैचअप आदि से जुड़े कारोबारियों को भी जोड़ा जाएगा।

अलग खबर

### फूड प्रोसेसिंग यूनिट हब बनाने की योजना फिर बनी

पिछले दिनों मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इसे लेकर गंभीरता दिखाई है। पांच महीने पहले उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा था कि छत्तीसगढ़ में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में विकास की बड़ी संभावनाएं है। छत्तीसगढ़ फूड प्रोसेसिंग का वैश्विक केंद्र बनेगा। यहां हवाई कार्गो की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी ताकि इन उत्पादों को वैश्विक बाजार से जोड़ा जा सके। भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा राजधानी रायपुर में आयोजित युवा उत्सव 3.0 के कार्यक्रम में उन्होंने यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत का नारा दिया है और वे हमेशा कहते हैं कि युवाओं को जॉब गिवर बनना चाहिए ना की जॉब सीकर। उन्होंने उद्योग नीति से जोड़कर ऐसी फूड प्रोसेसिंग यूनिट खोलने की बात कही थी।

### देमार और बरहापुर में जगह तय, लेकिन सेंटर नहीं खुल पाया



कांग्रेस सरकार के दौरान यूनिट के लिए हुआ था भूमिपूजन

### वर्ष 2019-20 से लगातार हो रही घोषणा

बता दें कि फूड प्रोसेसिंग यूनिट बनाने को लेकर वर्ष 2019-20 में घोषणा की गई। इससे पहले भी इसे बजट में शामिल किया गया था। इसमें दुर्ग में निकुम, पाटन में देमार और धमधा में बरहापुर में जगह तय की गई। निकुम में बाद में गौठान बना दिया गया। देमार की फाइल आगे नहीं बढ़ी। वहीं बरहापुर के मामले में जरूर मंत्री रविन्द्र चौबे, उद्योग मंत्री कवासी लखमा की मौजूदगी में 12 मार्च 2021 को भूमिपूजन किया गया। करीब 12 करोड़ की लागत से फूड पार्क बनाना तय हुआ। यह फूड पार्क 22 एकड़ क्षेत्र में बनना था। उस समय रविन्द्र चौबे ने कहा था कि प्रथम चरण में फिश फूड एवं सीड तैयार करने वाली दो यूनिटों को भूमि आवंटन किए जाएंगे।

### धमधा टमाटर का सबसे बड़ा उत्पादन वाला क्षेत्र, अनदेखी

बता दें कि मध्य भारत में सबसे अधिक टमाटर उत्पादन वाला क्षेत्र धमधा है। 8 वर्ष पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने प्रोसेसिंग प्लांट खोलने की घोषणा की थी। दो प्रोसेसिंग प्लांट लगाने की बात कही गई थी। ताकि स्थानीय स्तर पर भी टमाटरों के उपयोग से जूस और कैचअप बनाया जा सके। करीब 20 करोड़ रुपए की लागत से 2000 टन प्रतिदिन टमाटर की खपत वाला प्लांट लगाया जाना था। सीजन में इस क्षेत्र में एक एकड़ में करीब 50 टन का टमाटर निकलता है। धमधा में 10 लाख टन का उत्पादन हो रहा है। इसे देखते हुए यह निर्णय लिया गया, लेकिन काम शुरू नहीं हो सका। उस समय अहेरी में भी फूड प्रोसेसिंग प्लांट डालने की बात कही गई, लेकिन आज भी यह क्षेत्र उद्यानिकी विभाग की नर्सरी के रूप में ही उपयोग लाया जा रहा है।

### दो जगह तय की गई

तीनों ब्लॉक में प्रोसेसिंग यूनिट खुलने थे। निकुम में जगह नहीं मिल पाई। पाटन के देमार और धमधा के बरहापुर में जगह तय की गई थी। सीएसआईडीसी से स्वीकृति नहीं मिलने के कारण फाइल आगे नहीं बढ़ सके। रिमाइंडर भेजा जाएगा, जल्द ही इसे शुरू करने प्रयास किया जाएगा।

**सिमोन एक्का,** महाप्रबंधक उद्योग विभाग दुर्ग

### जानकारी ली जाएगी

इस बारे में अधिकारियों से जानकारी ली जाएगी। फूड प्रोसेसिंग यूनिट की योजना बनी थी, इस पर कुछ काम भी हुआ। मुझे आए सिर्फ महीनेभर हुआ है। अधिनस्थ अधिकारियों से इस बारे में जानकारी ली जाएगी। उच्च अधिकारियों से मार्गदर्शन लेकर आगे की प्रक्रिया की जाएगी।

**सुरेश ठाकुर,** उपसंचालक उद्यानिकी विभाग दुर्ग

## खबर संक्षेप

### ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों से 36 हजार वसूला



**भिलाई।** ट्रैफिक पुलिस ने अभियान चलाकर उतई मार्केट और आवासीय क्षेत्र में भारी वाहनों के प्रवेश पर कार्रवाई किया। इस दौरान एएसपी ट्रैफिक ऋचा मिश्रा ने बताया कि हादसों को रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। पूर्व में भारत माला परियोजना के अंतर्गत चलने वाले भारी वाहन चालक को उतई के मार्केट एवं आवासीय क्षेत्र में दिन के समय प्रवेश न करने की हिदायत दी गई। उतई का यह मार्ग अधिक भीड-भाड होने और मार्ग की चौडाई सकरी होने से साथ ही आवासीय क्षेत्र होने पर हादसा होने की संभावनाओं को देखते हुए प्रवेश न करने समझाईस दी गई थी। बावजूद वाहन के प्रवेश किये जाने सुचना पर दूसरे दिन ट्रैफिक जोन सिविक सेन्टर प्रभारी के द्वारा वाहन चेंकिंग के दौरान 7 भारी वाहन मार्ग पर कार्रवाई किया। चालको से 18 हजार रूपये समन शुल्क वसूला गया। दो दिन में 15 भारी वाहन पर कार्रवाई की गई। साथ ही वाहन चालको को इस मार्ग में रात 11 बजे से प्रातः 6 बजे तक प्रवेश करने समझाईश दी गई है।

### अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार, वाहन जब्त


**भिलाई।** वाहन में अवैध शराब ले जाते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। डीएसपी अजय सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर धमधा रोड दुर्ग सब्जी मंडी में वाहन टाटा माजदा सीजी 08 एयू 0756 में अवैध रूप से शराब का पेटी भरा हुआ था। वाहन में ड्राइवर सीट पर शराब को छुपा कर युवक बैठा था। घेराबंदी कर युवक को वाहन से नीचे उतारा गया। चेक करने पर पुलिस को 81 पेटी अवैध शराब जब्त किया गया। जिसकी कीमत 3 लाख रुपए आंकी गई है। पूछताछ करने पर आरोपियों ने अपना नाम बस स्टाप जवल कोर्ची गढ़चिरौली महाराष्ट्र निवासी ममता धमगाये और लखन भैसा बताया है। वाहन की कीमत 8 लाख रुपए है। कार्रवाई मोहन नगर, एसीसीयू और आबकारी विभाग ने मिलकर कार्रवाई किया है। जिले में अवैध शराब को लेकर पुलिस सजग हो गई है। भिलाई-दुर्ग में शराब के कारोबार करने वाले शराब माफियाओं को लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। बरामद शराब प्रदेश के बाहर का मिल रहा है।

### खुर्सीपार थाना क्षेत्र की है घटना

# पहले कार ने ठोका फिर पीछे आ रहे डंपर ने कुचला, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रायपुर से दुर्ग जा रहे एक्टिवा सवार को पहले एक कार ने ठोकर मार दी। घटना में युवक सड़क पर गिर पड़ा। जहां तेज रफ्तार से आ रही डम्पर के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चालते हुए युवक को कुचलने से मौके पर ही मौत हो गई। शिकायत पर पुलिस ने चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि रायपुर निवासी धीरज कुमार भारती 27 वर्ष एक्टिवा सीजी 04 एमएक्स 2239 से सिर पर हेलमेट लगाकर अपने घर से दुर्ग की ओर आ रहा था। इस दौरान तेलहा नाला खुर्सीपार के पास एक्टिवा सवार धीरज जैसे पहुंचा कार ने पहले उसे ठोकर मार दी। जिससे धीरज सड़क पर गिर पड़ा इधर पीछे से तेज रफ्तार से आ रही डम्पर सीजी 23 सी 0484 ने उसे कुचलने से मौके पर मौत हो गई। हेलमेट भी चकनाचूर हो गया। सूचना मिलते ही खुर्सीपार पुलिस मौके पर पहुंची और शव का शिनाख्त कर उसे सुपेला अस्पताल के मरच्यूरी भेज दिया। धीरज के जेब से मिले आधार कार्ड से पहचान होने के बाद परिजनों को हादसे की जानकारी दी गई। हादसे में एक्टिवा को थोडा भी खरोच नहीं आया है। पुलिस ने डम्पर को जब्त कर चालक की तलाश में जुटी हुई है।



### तेलहा नाला है डेंजर जोन

खुर्सीपार स्थित तेलहा नाला डेंजर जोन पाइंट में आता है। लगातार यहां लोग हादसे का शिकार होते आए है। इसके पूर्व में इसी जगह पर आधा दर्जन लोगों की हादसे से मौत हो चुकी है। बावजूद ट्रैफिक पुलिस व्यवस्था को अपडेट नहीं कर पा रही है।फ्लाई ओवर ब्रिज के दोनों छोर से आने वाले वाहन सीधे तेलहा नाला में उतरते है। इस कारण रफ्तार कम नहीं रहता है। बल्कि रफ्तार अधिक होने के कारण ही हादसे का लोग शिकार हो रहें है।

### गुरुवार को रामनगर मुक्तिधाम में हुआ अंतिम संस्कार

# बेंगलुरु के वॉटरफाल में डूबने से सेक्टर-1 भिलाई के युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बैंगलुर के वाटर फाल में डूबने से शहर के एक युवक की मौत हो गई है। घटना 8-9 फरवरी की रात की है। गोताखोरों ने बुधवार को कड़ी मशक्कत के बाद लाश बरामद किया। युवक के शव का पीएम के बाद अंतिम संस्कार किया गया। मिली जानकारी के मुताबिक सेक्टर 1 सड़क 3 मकान 2 ए निवासी दीपक रेड्डी 27 वर्ष दो वर्षों से बेंगलुरु में रहकर आईटी सेक्टर में नौकरी कर रहा था।8-9 फरवरी की रात को दीपक चुनची वाटरफॉल घूमने गया था। अचानक फिसलने से वाटरफॉल में गिरकर गायब हो गया। घटना की खबर लगने पर दीपक के परिजन बेंगलुरु पहुंच गए थे। 12 फरवरी को दीपक का शव गोताखोरों की मदद से वाटरफाल से बाहर निकाला गया। शव को सड़क मार्ग से भिलाई लाया गया। दीपक भाई बहनों में सबसे छोटा था। दीपक पढ़ाई लिखाई में होनहार था। घटना की जानकारी लगने पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। शव का अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। मृतक के पिता विश्वनाथ रेड्डी बीएसपी कर्मी है।



### जीपीएस सिस्टम भी गड़बड़

# बोरिया गेट में लग रहा भारी वाहनों का जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

### भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसो. ने बीएसपी अफसरों से समस्या दूर करने की चर्चा

हरिभूमि सरोकार

बोरिया गेट के सामने भारी वाहनों की लंबी कतारें लग रही है। जिससे जाम की स्थिति निर्मित हो गई है। वाहनों में लगे जीपीएस सिस्टम भी गड़बड़ चल रहे हैं। बीएसपी में वाहनों के परिचालन में स्थानीय ट्रांसपोर्टरों को कई तरह की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। हालात को देखते हुए इन समस्याओं को दूर करने बीएसपी अधिकारियों से भिलाई ट्रक ट्रेलर एसोसिएशन ने चर्चा की और अपनी बात रखी। बीएसपी अधिकारियों ने उनकी समस्याओं को हल करने की बात कही।



**सड़कों की हालत जर्जर:** भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ने कहा कि भारी वाहनों के चलने से सड़कों की स्थिति जर्जर हाल में पहुंच गई है। इसके लिए इंफ्रास्ट्रक्चर को सुधारना जरूरी हो गया है। इसी तरह प्लांट के अंदर पार्किंग की व्यवस्था बनाने की जरूरत है। पार्किंग व्यवस्था नहीं होने की वजह से वाहन बेतरतीब ढंग से खड़े हो रहे हैं। आवागमन में इससे दिक्कतें आ रही है। उन्होने कहा कि ड्राइवर की सेफ्टी के लिए सेमिनार आयोजित होंगे तो इससे उन्हे सुव्यवस्थित परिचालन में बेहद मदद मिलगी। लोडिंग पॉइंट पर बिजली और पानी की पर्याप्त इंतजाम भी करने की जरूरत है।

### इन समस्याओं के हल से सुधरेगी व्यवस्था

भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू के नेतृत्व में भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार, सीजीएमएमआरडी सुशील कुमार , जीएम इंचार्ज सेफ्टी एंड इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट संजयकुमार अग्रवाल के साथ बैठक हुई। ,बैठक में परिवहन में आ रही सेफ्टी कि समस्याओ को दूर करने एवं सुचारू रूप से संचालन करने के लिए चर्चा की। इसमें वाहनों में जीपीएस सिस्टम में सुधार करने पर जोर दिया। बोरिया गेट में पार्किंग की व्यवस्था को ठीक करने पर चर्चा हुई। सेफ्टी दिशा निर्देश और पार्किंग के बोर्ड लगाना और गाड़ियों की चालान प्रक्रिया को शून्य में लाने पर जोर दिया गया।

**बैठक में ये हुए शामिल:** बैठक में एसोसिएशन कि और से संरक्षक सुधीर सिंह ठाकुर, महेंद्र सिंह कार्यकारिणी अध्यक्ष अनिल चौधरी उपाध्यक्ष मुन्ना सिंह सचिव बलजीन्दर सिंह,दिलीप खटवानी, शाहनवाज कुरैशी कोषाध्यक्ष जोगा राव, सुनील यादव,वाजिद अंसारी,प्रेम सिंह, विनय अग्रवाल,संतोष सिंह,रोशन लाल वर्मा सभी की उपस्थिति में सार्थक चर्चा हुई। प्रबंधन के द्वारा मार्गदर्शन मिला।




## खबर संक्षेप

### चयन ट्रायल में भाग लेंगी कुमारी आरती



दुर्ग। 71 वीं राष्ट्रीय सीनियर (महिला) कबड्डी चैम्पियनशीप का आयोजन भारतीय कबड्डी महासंघ के तत्वाधन में हरियाणा राज्य कबड्डी संघ द्वारा 15 से 18 फरवरी 2025 तक आर्य कन्या गुरूकुल मोर माजरा जिला करनाल हरियाणा में आयोजित है। उक्त चैम्पियन में भाग लेने हेतु छग की सीनियर (महिला) टीम का चयन ट्रायल कबड्डी प्रशिक्षण केन्द्र अमरैया चौक चिगराजपारा बिलासपुर में रखा गया है। सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण से मिली जानकारी अनुसार खेलों इंडिया लघु केंद्र मर्रा पाटन जिला दुर्ग के कबड्डी खिलाड़ी कुमारी आरती आत्मज श्री कैलाश ठाकुर का छ.ग. राज्य सीनियर (महिला) कबड्डी टीम का चयन ट्रायल में भाग लेने हेतु चयन किया गया है। प्रशिक्षक श्री भरतलाल ताम्रकार एवं श्री संतोष कुमार यादव पी.टी.आई मर्रा के द्वारा उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई है।

### बैंक में किसान सहायता केंद्र की हो स्थापना- डॉ. उमरे

दुर्ग। नगर निगम के पूर्व एल्डरमैन भाजपा नेता डॉ. प्रतीक उमरे ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग की प्राधिकृत अधिकारी कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी से जिला सहकारी बैंक में किसान सहायता केंद्र स्थापित करने का आग्रह किया। है।डॉ.प्रतीक उमरे ने कहा कि, दुर्ग जिले के किसानों को बैंक संबंधित जानकारी के आभाव की वजह से छोटे छोटे कार्यों के लिए बेवजह जूझना पड़ता है। दुर्ग के लगभग सभी छोटे बड़े किसानों के खाते जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में है। क्योंकि छत्तीसगढ़ शासन की विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं किसान क्रेडिट कार्ड योजना, धान खरीदी, फसल बीमा योजना,प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि,महतारी वंदन योजना इत्यादि व अन्य सरकारी प्रायोजित योजनाएं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक से संचालित हो रही हैं। कर्मचारियों की कमी की वजह से बैंक कर्मियों के ऊपर पहले से काम का भार बहुत ज्यादा है। धान खरीदी और बोनस की राशि खातों में आने के दौरान बैंक के सभी शाखाओं में भीड़ बढ़ जाती हैं और किसानों का बहुत समय व्यर्थ बर्बाद हो जाता है और उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसलिए किसान सहायता केंद्र स्थापित करने के साथ टोल फ्री नंबर जारी करने से किसानों को सहूलियत मिल जायेगी और उनकी शिकायतों एवं समस्याओं के निवारण के साथ ही उन्हें सही जानकारी उपलब्ध होने से उन्हें बेवजह भटकना नहीं पड़ेगा।

# भाजपा के विधायक गजेंद्र की साख दांव पर, कांग्रेस में वोरा की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▸▸|दुर्ग

भले ही सवा साल पहले हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा के गजेन्द्र यादव ने जमकर वाहवाही बटोरी हैं। लेकिन अब नगरनिगम चुनाव उनके लिए कडी परीक्षा होगी। विधानसभा चुनाव में उन्होने 48 हजार वोटों से अरूण वोरा को हराया था। ऐसे में उन्हें अपना ओहदा बढाने के लिए इस चुनाव में बढकर यानि 48697 की लीड मेयर को दिलानी होगी। वही दूसरी तरफ कांग्रेस के पूर्व विधायक अरूण वोरा के लिए भी यह चुनाव अग्निपरीक्षा से कम नही हैं। मजे की बात यह हैं कि, दुर्ग शहर सीट में वोरा घराने का खास दबदबा रहा है। चाहे संगठन में जो भी रहा हो अरूण वोरा का चेहरा केन्द्र बिन्दु में रहा हैं। ऐसे में अरूण वोरा को पिछले विधानसभा में 49209 वोट मिले थे। उन्हें इस दबदबे को कायम रखने के लिए इससे अधिक वोट मेयर प्रत्याशी को दिलाने होगें। अगर इससे अधिक वोट मिले तो न सिर्फ अरूण वोरा का कद बढेगा, बल्कि कांग्रेस को नई उभरती नेत्री मिल जाएगी। लेकिन अगर अरूण वोरा को विधानसभा में मिले वोट से अधिक की लीड आई और कांग्रेस को हार का सामना करना पडा तो इतिहास में वोरा घराने के सामने एक नया चेहरा दमदारी से खडी हो जाएगी। और यह पहलू कांग्रेस के लिए चाहे जीतने की हो या हारने की रहे। बहरहाल वर्तमान विधायक गजेन्द्र यादव और पूर्व विधायक अरूण वोरा दोनो की राजनीतिक साख की कमाई दांव पर हैं।

## आगामी पन्द्रह फरवरी को साफ होगी तस्वीर, बहरहाल जीत के चल रहे दावे

### भाजपाई खुलकर कह रही पचास हजार की लीड

अलग खबर

बहरहाल मतदान के बाद अगर दोनो पार्टी प्रमुखों से चर्चा की जाए तो भाजपा जहां मेयर की जीत तो तय मान रही है। भाजपा इस बात से आश्वस्त है कि, मेयर अल्का बाघमार ही बनेगी और वे खुलकर पचास हजार की लीड का दावा भी कर रहे है। वही दूसरी तरफ कांग्रेस के नेता कह रहे हैं कि, मेयर प्रेमलता पोषण साहू पूरी टक्कर दे रही हैं।



■ दोनों नेताओं की पसंद के चेहरे को पार्टी ने बनाया है पार्षद प्रत्याशी

### पार्टियों ने ज्यादातर नए चेहरे पर लगाए दांव

भाजपा पार्टी ने दुर्ग नगरनिगम के साठ वार्ड में 41 नए चेहरे को पार्षद प्रत्याशी बनाया है, वही कांग्रेस में करीब 35 से अधिक नए चेहरे हैं। हांलाकि नए चेहरे का कारण आरक्षण रहा हैं। भाजपा में जहां टिकट वितरण में विधायक गजेन्द्र यादव की तूती रही हैं, वहीं कांग्रेस में पूर्व विधायक अरूण वोरा की सहमति से टिकट बांटे गए है। हांलाकि दोनो नेता टिकट वितरण में पार्टी प्रक्रिया का राग अलापते है। लेकिन यह भी किसी से परे नही हैं कि, पार्टी में दोनो नेताओं की वजन वाली अहमियत हैं। अब देखना है कि, नए चेहरे को दांव में लगाना और टिकट वितरण का समीकरण इन्हें शबासी देगा या ठिकरा फूटेंगा।

## साठ वार्डों के लिए लगेंगे साठ टेबल, अस्पताल वार्ड का पहले आएगा परिणाम

# मेयर की जीत का पहले आएगा रूझान सबसे देर से आएगा वार्ड 58 का रिजल्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸|दुर्ग

आगामी पन्द्रह फरवरी को सुबह नौ बजे से शुरू होने वाले निकायों के मतगणना में मेयर व अध्यक्ष के जीत का रूझान महज आधे घंटे में सामने आएगा, वही ईव्हीएम मशीन के अनुसार पहले मेयर की गिनती होगी, वही उसी मशीन में पार्षद के लिए डाले गए वोटो की गणना की जाएगी। मेयर और पार्षद के वोटो की गिनती साथ-साथ होगी। नगरनिगम दुर्ग के साठ वार्ड में साठ टेबल लगाए जाएंगे। इस तरह करीब डेढ से दो घंटे में मतगणना की तस्वीर साफ होने के साथ ही परिणाम सामने आ जाएंगे।

वार्ड 29 अस्पताल वार्ड में सिर्फ दो बूथ है, वही वार्ड 58 उरला में सबसे ज्यादा आठ बूथ है। इसलिए यहां देरी से परिणाम आएंगे। आगामी पन्द्रह फरवरी को सुबह नौ बजे से मतगणना कार्य पुलगांव स्थित भारतीय कालेज में होगी। दुर्ग नगरनिगम के साठ वार्ड के लिए साठ टेबल लगाए जाएंगे। साठ वार्ड में 265 बूथ है। जिसके अनुसार 265 राउंड की गिनती होगी। जिस वार्ड में पांच से अधिक बूथ हैं, वहां दो मेज में गिनती होगी और यहां प्रत्याशी दो अभिकर्ता लगाए जा सकेगें। दुर्ग नगरनिगम के साथ ही इसी दिन नगर पालिका, नगर पंचायत के महापौर, अध्यक्ष, पार्षद पद के मतों की गिनती (मतगणना) का कार्य संपादित किया जाना है। गुरूवार को नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के अंतर्गत आज बीआईटी कॉलेज में गणना पर्यवेक्षक एवं गणना सहायक को प्रशिक्षण दिया गया।

### पहले मेयर फिर पार्षद की गिनती, बूथवार ईव्हीएम से गणना होगी



### निगम में ऐसे समझें बूथ की जानकारी

दुर्ग नगरनिगम में 265 बूथ है। जिसमें वार्ड 1-5 बूथ, वार्ड 2-3 बूथ, 3-4, 4-6, 5-4 6-3, 7-3, 8-5, 9-4, 10-4, 11-4, 12-4, 13-5, 14-3, 15-4, 16-6, 17-5, 18-5, 19-4, 20-4, 21-5, 22-3, 23-5, 24-5, 25-3, 26-4, 27-4, 28-4, 29-2, 30-3, 31-3, 32-3, 33-3, 34-4, 35-4, 36-3, 37-5, 38-4, 39-5, 40-5, 41-7, 42-5, 43-5, 44-4, 45-4, 46-3, 47-4, 48-4, 49-4, 50-5, 51-7, 52-7, 53-6, 54-7, 55-4, 56-5, 57-4, 58-8, 59-6, 60-4 हैं।

### वार्ड के बूथवार गिनती के बाद पार्षदों की जीत

भले ही वार्ड के अधीन आने वाले बूथ की राउंडवार गिनती होगी। साठ वार्ड में पचास फीसदी यानि तीस वार्ड की गिनती से मेयर के जीत का रूझान सामने आएगा। हांलाकि पूरी तरह मिले वोटों की जानकारी अंतिम राउंड के बाद जारी होगी। वहीं वार्ड के अनुसार बूथवार गिनती किए जाने से जहां कम बूथ हैं, वहां पहले पार्षदों के जीत की जानकारी मिलेगी, वहीं अधिक बूथ वाले वार्डो के पार्षदों की जानकारी देरी से मिलेगी। मास्टर ट्रेनर्स हरेन्द्र सिंह भुवाल ने कहा कि, मतगणना निर्वाचन प्रक्रिया का बहुत ही संवेदनशील भाग है। प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि, निकायवार, वार्डवार प्रत्येक टेबल के लिए एक गणना पर्यवेक्षक एवं दो गणना सहायक होंगे। नियंत्रण यूनिट एवं एड्रेस टेग उसी मतदान केन्द्र के हो यह सबसे पहले सुनिश्चित करना होगा।

### पांच से अधिक बूथ पर दो एजेंट नियुक्ति की छूट

मास्टर ट्रेनर्स ने बताया कि, अभ्यर्थियों को गणन अभिकर्ता नियुक्त करने की अनुमति दी गई है। पार्षद के मामले में यदि अभ्यर्थी के वार्ड में मतदान केन्द्रों की संख्या 5 तक हो तो केवल एक गणन अभिकर्ता और यदि वार्ड में मतदान केन्द्रों की संख्या 5 से अधिक हो और वार्ड के मतों की गणना 2 मेजों पर की जा रही हो तो दो अभिकर्ता रहेंगे। महापौर, अध्यक्ष के मामले में प्रत्येक गणना मेज के लिए एक गणन अभिकर्ता रहेंगे। नियंत्रण यूनिट के पीछे कंपार्टमेंट में लगे पॉवर स्वीच को दबाकर ऑन स्थिति में लाना होगा। नियंत्रण यूनिट के प्रदर्शन सेक्शन में हरी बत्ती चमकने लगेगी। रिजल्ट सेक्शन का बटन दबाने पर परिणाम प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

**एंजेटों के दस्तखत बाद आरओ तक पहुंचेगी जानकारीः** प्रदर्शन सेक्शन में मतदान तारीख, मतदान प्रारंभ समय, मतदान की समाप्ति समय, कुल पदों की संख्या, कुल मतों की संख्या, अंडर वोट उम्मीदवारों की संख्या, सीटों की संख्या, अभ्यर्थियों की संख्या के साथ प्रत्येक प्रथम पद (महापौर, अध्यक्ष) के लिए मतों की संख्या, दूसरा पद (पार्षद) के मतों की संख्या, अंडर वोट अभ्यर्थियों की संख्या, सीटों की संख्या, अभ्यर्थियों को प्राप्त मतों की संख्या, अनफिनिश्ड वोटर और एंड प्रदर्शित होगा। मास्टर ट्रेनर्स अजय तिवारी ने बताया कि, नियंत्रण यूनिट में रिकार्ड किए गए मतों का लेखा गणना प्रारूप में भरना होगा और गणना अभिकर्ता व सुपरवाइजर के हस्ताक्षर किए जाने के पश्चात प्रारूप को रिटर्निंग ऑफिसर को सौपना होगा।

## मतदान के बूथवार रिपोर्ट को प्रशासन ने किया हाईजैक

# ऊपर से देने की मनाहीः एसडीएम हमने ऐसा नहीं कहा : आयोग

हरिभूमि न्यूज ▸▸|दुर्ग

नगरीय निकाय चुनाव के निपटने के तीन दिन बाद भी जिला निर्वाचन आयोग द्वारा बूथवार मतदान के आंकडे जारी नही किए गए हैं। ऐसा लग रहा है जैसे जिला निर्वाचन आयोग द्वारा बूथवार रिपोर्ट को हाईजैक कर लिया गया है। इस मामले में एडीएम अरविंद एक्का का कहना है कि, उन्हें आंकडा देने से राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा मना किया गया है, वही राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव डां सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे ने कहा हमने ऐसा नही कहा हैं।

उल्लेखनीय है कि, नियमों के अनुसार मतदान के दूसरे ही दिन बूथवार रिपोर्ट जारी की जाती है। बहरहाल कांग्रेस और भाजपा दोनो पार्टी के नेता जिला निर्वाचन आयोग से रिपोर्ट मांगकर थक गए है। हालात यह हैं कि, वे अपने एंजेटों के जरिए बूथवार मतदान के प्रतिशत एकत्रित करने में लगे है। भाजपा के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक ने बताया कि, उन्हें आयोग द्वारा रिपोर्ट नही दी गई है, वही कांग्रेस के महामंत्री परमजीत भुई ने बताया कि, वे भी दो दिन से प्रयास कर रहे है। उन्होने कहा कि, शुक्रवार को जानकारी लेने का फिर से प्रयास किया जाएगा। मतदान केन्द्रवार डाले गए मतों की जानकारी देने में जिले के अधिकारी टालमटोल कर रहे हैं। मतदान के तीन दिनों बाद भी मतों की उपलब्ध नहीं कराए जाने पर अब सवाल उठने लगे है

### उप जिला निर्वाचन अधिकारी का टालमटोल

हांलाकि उप जिला निर्वाचन अधिकारी के नेतृत्व में नगरीय निकाय चुनाव संपन्न होनी है। लेकिन उनका कहना है कि, बूथवार जानकारी देने से मना किया गया हैं। सूत्रों ने बताया कि, निचले स्तर के कर्मचारियों को भी आंकडे उपलब्ध नही कराने वाट्सअप मैसेज किया गया हैं। ऐसी आशंका है कि, प्रारूप 18 भरने में खामियां बरती गई हैं। वही खबर यह भी हैं कि, वोट के अंतिम दिन ईव्हीएम और रजिस्टर का मिलान के लिए माथापच्ची भी करनी पडी थी।

### कहानी संग्रह ठग्स ऑफ हिन्दोस्तान का लोकार्पण




दुर्ग। नगर के चर्चित कथाकार कैलाश बनवासी के नये कहानी संग्रह ठग्स ऑफ़ हिन्दोस्तान का लोकार्पण गत दिनों संपन्न हुए विश्व पुस्तक मेला दिल्ली में हुआ। यह उनका आठवां कहानी संग्रह है जो प्रतिष्ठित नयी किताब प्रकाशन से प्रकाशित हुआ है। इस लोकार्पण कार्यक्रम में आलोचक दुर्गा प्रसाद गुप्त, पंकज शर्मा तथा उमाशंकर चौधरी और ज्योति चावला ने इन कहानियों की प्रशंसा में विचार रखे।

### शिक्षकों का किया सम्मान

**भिलाई।** रामनगर गायत्री प्रज्ञापीठ द्वारा भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा हर वर्ष कराई जा रही है। इस वर्ष पीठ द्वारा आसपास के लगभग 15 विद्यालयों में जाकर परीक्षा कराई गई, जिसमें कुल 970 छात्रों ने भाग लिया। परीक्षा परिणाम के साथ सम्मान समारोह शिक्षकों व प्राचार्यों का सम्मान शक्तिपीठ में किया गया।

## फरवरी के पहले पखवाड़े में जारी करेंगे अंतर की राशिः कौशिक



**दुर्ग।** भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों को साकार करते हुए पहले 18 लाख प्रधानमंत्री आवास पर हस्ताक्षर किए फिर अपने निवास गए। अब हितग्राहियों के मकान बनने प्रारंभ हो गए हैं व 180000 पूर्ण भी हो चुके हैं। अगर यह मकान 5 वर्ष पहले बन जाते तो हमें ज्यादा खुशी होती। जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में जनमन के तहत विशेष संरक्षित जनजातियो के पूरे देश के लक्ष्य में से 51 फीसदी सड़के सिर्फ छत्तीसगढ़ को मिली है। देश में 4781 किलोमीटर की लंबाई के विपरीत सिर्फ छत्तीसगढ़ राज्य में 2449 किलोमीटर लंबाई की सड़क स्वीकृत की गई। उन्होंने कहा ग्रामीण क्षेत्र में जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक पहलु , चाहे वह खेती की, किसानी की बात हो, उद्यानिकी की बात हो, सड़क, गाय ,ग्राम पंचायत या ग्रामीण जनजीवन हो भाजपा ने जनहित में उसे प्रभावित किया है। विष्णु देव सरकार ने निर्णय लिया है कि उपज के भुगतान की अंतर राशि का एकमुश्त भुगतान किया जाएगा।

## मातृ-पितृ पूजन व संस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸|दुर्ग

श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई दुर्ग और कातरो के तत्वावधान में ग्राम कातरो में सामूहिक संस्कार मातृ देवों भव, पितृ देवों भव की भावना से मातृ पितृ पूजन दिवस का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संत आशाराम बापू की संस्था द्वारा की जा रही है। कार्यक्रम के मुख्य प्रवक्त उड़ीसा से आए हुए महाराज ओंकारानंद के सानिध्य में हुए।

महाराज ने सत्संग के माध्यम से बताए आज सभी समाज में सभी धर्म के पर्व को उत्साह से लोग मानते है। साल के 365 दिन में सभी धर्म के लोग अपने अपने समाज में अपने ढंग से अपने इष्ट देव, भगवान, गुरु का पूजन सभी देवी देवताओं का समय अनुसार पूजा पाठ करते है। उसी प्रकार से मातृ देवों भव, पितृ देवों भव की भावना से जीवित माता पिता का पूजन अर्चन जरूर करे। आज जो माता पिता जन्म से लेकर मरते दम तक बच्चों का पालन पोसन कर बड़ा करते है, उनके लिए क्या एक दिन इस उत्साह पर्व क्या समाज नहीं माना सकते है। सच्चा प्रेम दिवस के रूप में सभी जरूर मनाए 14 फरवरी को माता पिता का पूजन दिवस जरूर मनाए, 14 फरवरी वेलेंटाइन डे,ये पश्चिम सभ्यता की देन है। इस दिन हमारे देश के जवान शहीद हुए थे। अंत में आरती प्रसादी के साथ समापन किए,उक्त जानकारी युवा सेवा संघ के ओमप्रकाश साहू ने दी।

■ श्री योग वेदांत सेवा समिति दुर्ग-भिलाई और कातरो के संयुक्त तत्वावधान में आयोजन

## सभा-सम्मेलन, नुक्कड़ सभा, रैली, वाहन अनुमति के लिए अधिकारी नियुक्त

**दुर्ग।** दुर्ग त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 अंतर्गत जिले के रिटर्निंग ऑफिसर (जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 1 से 12 तक) बजरंग दुबे ने अस्थायी चुनाव कार्यालय, सभा-सम्मेलन, नुक्कड़ सभा व रैली के लिए अनुमति पत्र और चुनाव प्रचार के लिए वाहन की अनुमति के लिए सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की नियुक्ति की है। इसके लिए जिला पंचायत तहसीलदार दुर्ग क्षमा यदु को अधिकृत किया गया है। संबंधित जिला पंचायत के अभ्यर्थी अनुमति के लिए कार्यालय रिटर्निंग ऑफिसर जिला पंचायत दुर्ग के कक्ष (द्वितीय तल) में आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। इसे लेकर चुनाव के प्रत्याशियों को भी जानकारी दी जा रही है।

## एनजेसीएस की आखिरी मीटिंग जनवरी 2024 में हुई थी

# एनजेसीएस की बैठक नहीं होने से कर्मचारियों के हित हो रहे प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▸▸|भिलाई



लंबे समय से एनजेसीएस की बैठक नहीं होने से कर्मचारियों का हित प्रभावित हो रहा है। इसके कारण बैठक की मांग उठने लगी है। कर्मचारियों का कहना है कि कोल इंडिया जेबीसीसीआई की मीटिंग सहित मानकीकरण तथा एपेक्स कमेटी की लगातार मीटिंग आयोजित की जा रही है। इसमें कोयला वाले इंटक, सीटू, बीएमएस, एटक, एचएमएस के नेता लगातार भाग भी ले रहे हैं, लेकिन सेल कर्मियों के लिए एनजेसीएस मीटिंग का डेट के लिए कर्मियों की आंखे तरस रही हैं। जबकि इंटक के रेड्डी, एचएमएस के बढ़वाकर, एटक के गिरी, बीएमएस के पांडेय और सीटू के तपन सेन कमेटी में हैं। फुल एनजेसीएस की आखिरी मीटिंग जनवरी 2024 में हुई थी। सब कमेटी (बोनस) की मीटिंग अक्टूबर 2024 में हुई थी। एनजेसीएस के एक नेता हैदराबाद में हैं, तो दूसरे मुंबई में। तीसरे कोलकाता में तो चौथे दिल्ली में और पांचवें पुणे/बेंगलुरू में हैं। बाकि कर्मचारी बोकारो, भिलाई, राउरकेला, दुर्गापुर, बर्नपुर, सेलम, माइंस, भद्रावति के धमनभट्टी, कोक ओवेन, मिल्स आदि में खट रहे हैं। कर्मचारियों ने मांग की है कि जल्द बैठक बुलाकर कर्मचारी हितों पर निर्णय लिए जाएं।

## अंबेडकर चौक पावर हाउस में संत शिरोमणि की मनाई गई 648वीं जयंती

# संत रविदास ने 488 साल पहले समाज में सुधार की दिशा में क्रांतिकारी कदम उठाए, उनके विचार आज भी प्रासंगिक

हरिभूमि न्यूज ▸▸|भिलाई




छग मूल निवासी संघ और बाबासाहेब प्रतिमा प्रबंध समिति द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती अंबेडकर चौक पावर हाउस भिलाई में मनाई गई। संत शिरोमणि गुरु रविदास की 648 जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। सर्वप्रथम बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण कर संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के छायाचित्र पर भी माल्यार्पण किया गया।

प्रमुख्य वक्ताओं दशरथ अहिरवार, बालाराम कोलते द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास के बारे में बताया गया कि आज से 600 साल पहले समाज सुधार की दिशा में उन्होंने क्रांतिकारी कदम उठाया। पाखंड और अंधविश्वास का घोर विरोध किया उन्होंने समाज में क्रांतिकारी की भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम के प्रमुख्य अतिथि समाज सेवक रायपुर से आए अभिषेक वर्मा, सुनील कुमार रामटेके, पीएसयू एससी एसटी सेल अध्यक्ष प्रभुनाथ बैठा, सुजाता रामटेके, नदिया भूषण बहुजन समाज सेवी, अजीत कुमार, चंद्रशेखर गंवई सहित अन्य मौजूद थे।

### जयंती पर निकाली जाएगी शोभायात्रा, निर्णय

प्रमुख अतिथि सुनील रामटेके ने कहा कि आने वाले समय पर रविदास जयंती कार्यक्रम पर भव्य शोभा यात्रा निकलेगी। शोभायात्रा शहर के प्रमुख स्थानों से निकलकर अंबेडकर चौक पर सभा के रुप में समाप्त होगी। क्योंकि गुरु रविदास जी संतों में शिरोमणि की उपाधि प्राप्त है। उनकी जयंती पर भव्य कार्यक्रम होना चाहिए। कार्यक्रम को प्रभुनाथ बैठा, चंद्रशेखर गवई ने संबोधित किया। रविदास की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर संयोजक मनोज चौधरी, दशरथ अहिरवार जिला उपाध्यक्ष मूलनिवासी संघ, मुकेश कुमार जिला अध्यक्ष बामसेफ, बाला राम कोलते, छोटू रामटेके, यशवंत रामटेके सहित अन्य मौजूद थे।

### आयोजित संगोष्ठी में संत रविदास पर रखे विचार

इस अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें अतिथियों ने संत रविदास के जीवन पर प्रकाश डाला। उनके बारे में अपने विचार रखे। कार्यक्रम में सिद्धार्थ बोरकर, चीन केशलु, लाल बाबू बैठा, निरंजन हजारे, भागवत संडे, प्रकाश चौधरी, सुरेश चौधरी, राजेश गजभिए, राजेश चौरे, सुभाष चौहान, तरुण दास, ओपी जोश कुमार, लक्ष्मण राम, विक्की, राजकुमार राजभर, गजेंद्र सिंह, रामप्यारी फौजी, दीनानाथ सहित अन्य मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन सुभाष मेश्राम और आभार प्रदर्शन मनोज चौधरी ने किया।

# मोर मकान-मोर चिन्हारी योजना का लाभ लेने आवेदक कर सकते हैं आवेदन

## 25 फरवरी को आवास आवंटन के लिए लाटरी नगर निगम मुख्य कार्यालय के सभागार में निकाली जायेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मोर मकान-मोर आस एवं मोर मकान-मोर चिन्हारी योजना अंतर्गत संचालित प्रधानमंत्री आवास का फार्म मिल रहा है। कोई भी परिवार जो किराये में निवास करने वाले, जिनके पास स्वयं का मकान नहीं है, यहां के नागरिक है। उनके पास राशन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड है, वे मकान के लिए आवेदन कर सकते हैं। 25 फरवरी को आवास आबंटन के लिए लाटरी नगर निगम मुख्य कार्यालय के सभागार में सुबह 11 बजे निकाली जायेगी। जो हितग्राही पूर्व से आवेदन किये है, उनके द्वारा 10 प्रतिशत अंशदान की राशि नियमानुसार जमा कर दिया जायेगा। वे पात्रता की श्रेणी में आयेंगे, उन्हे लाटरी द्वारा मकान आबंटित किया जायेगा।






### मकानों का किया जा रहा आवंटन

यह मकान कृष्णा इंजीनियरिंग के पीछे खम्हरिया, एनार स्टेट खम्हरिया, स्वप्निल बिल्डर्स कुरूद इन जगहों में बने निर्मित मकानों का आबंटन किया जा रहा है। मकान के दिवाल भी स्लैब ढालकर बनाया जा रहा है, जो पूरी तरह मजबूत है। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का सपना है कि हर परिवार को अपना खुद का मकान मिले। यह मकान विशेष कर महिलाओं के नाम से ही दिया जा रहा है। जिनके घरों में दिव्यांग, बुजुर्ग व्यक्ति निवासरत है, उनको प्राथमिकता के आधार पर भूतल का मकान प्रदान किया जा रहा है। पहले आये पहले पाये मकान लेकर घर बसाये।

ऐसी जानकारी मिली है, कि कुछ लोग दलालों के चक्कर में आकर पूर्व में आबंटित किये गये मकानों को 50 रूपये के स्टाम्प पेपर में खरीदी ब्रिकी कर निवास कर रहे हैं। उनके जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना का मकान खरीद ब्रिकी करना प्रतिबंधित है। उस मकान का पूरा प्रमाण पत्र पूर्व आबंटिती के नाम से ही रहेगा। बिजली का बिल और संपत्तिकर पुराने व्यक्ति के नाम से ही जमा होगा। जब उतने ही पैसे में नगर निगम भिलाई द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का नया मकान मिल जायेगा। तो आपस में खरीदी ब्रिकी करने की कोई आवश्यकता नहीं है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल ने सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि हम लोग स्वयं मकान का निरीक्षण करने गये थे, बहुत ही अच्छे लोकेशन पर गुणवत्ता पूर्वक मकान बनाया गया है। जहां पर सड़क, बिजली, पानी, शौचालय, किचन के साथ मकान की सुविधा लगभग 3.50 लाख रूपया में मिल जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### अंडा में शिवमहापुराण कथा 20 फरवरी से

**अंडा।** शंकर भोला महिला भजन मंडली एवं अण्डा गुरुवार बाजार चौक में शिवमहापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। व्यासपीठ आचार्य पं. महेन्द्र पाण्डेय अपनी ओजस्व ललित एवं रसमयी अमृतवाणी द्वारा कथामृत का रसास्वादन करायेंगे,कार्यक्रम 20 से 24 फरवरी तक व प्रवचन समय दोपहर 1 बजे से किया जाएगा।

## निधन

### प्रभाशील सिंधु

**दुर्ग।** आई-1 आदर्श नगर निवासी प्रभाशील सिंधु उम्र 78 वर्ष का निधन गुरुवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को दोपहर 2 बजे क्रिश्चियन कब्रिस्तान, गृहग्राम सांकरा बंगला, करहीभदर में किया जाएगा। वे लुईस सिंधु के पति और प्रणीत, प्रतीक, प्रणप, प्रमित सिंधु के पिता और निधि, आकांक्षा के ससुर थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।



### श्याम लाल अहीर

**भिलाई।** राजीव नगर दुर्ग निवासी सेवानिवृत्त एलआईसी कैशियर श्याम लाल अहीर का निधन 13 फरवरी को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम शंकर नगर में 14 फरवरी को 12 बजे किया जाएगा। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।



### अनारकली मिश्रा

**भिलाई।** रामनगर निवासी अनारकली मिश्रा उम्र 80 वर्ष का निधन गुरुवार को शाम 7 बजे हो गया। उनका अंतिम संस्कार 14 फरवरी को बांसगांव रीवा मध्य प्रदेश में किया जाएगा। रात्रि 10 बजे उनका शव रीवा के लिए रवाना किया जाएगा। वे स्व. छोटेलाल मिश्रा की पत्नी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव मनोज मिश्रा की मां थीं। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।



### रमेशचंद्र त्रिपाठी

**भिलाई।** नगर निगम बिलासपुर के सेवानिवृत्त व वैद्यराज डॉ. रमेशचंद्र त्रिपाठी उम्र 88 वर्ष का निधन गुरुवार को उल्लास नगर भिलाई में हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 14 फरवरी को दोपहर 12 बजे रामनगर मुक्तिधाम भिलाई में किया जाएगा। वे सुधीर, शुभेंद्र त्रिपाठी एवं नीता बाजपेई के पिता थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।



## नगर निगम भिलाई का अभियान, जागरुकता रैली भी निकाली

# शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने सब्जी व्यापारियों पर आयुक्त ने की कार्रवाई

### छोटे ठेले, सब्जी बेचने वाले एवं खरीदने वाले से भी 2600 रूपए अर्थदण्ड लिया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई





प्लास्टिक की झिल्ली, पन्नियों में दुकानदारों द्वारा सामान विक्रय किया जा रहा है। बार-बार समझाने, चालानी कार्यवाही करने के बाद भी नहीं मान रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि ग्राहक घर से थैला लेकर नहीं चलते है। वह सब कुछ अलग-अलग पालीथीन में ही मांगते हैं, हमें देना पड़ता है। इसके प्रति लोगों को समझाइस देने, जागरूकता फैलाने के लिए आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारियों को निर्देशित किये हैं। इसी तारतम्य में सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट, सब्जी मण्डी, मटन मछली मार्केट, फल मण्डी में जोन आयुक्त सतीश यादव एवं स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के उपस्थिति में रैली का आयोजन किया गया।

जागरूकता रैली छावनी थाने से शुरू होकर व्यापारियों, ग्राहको के बीच में पहुंचकर उनको समझाइस दे रही थी कि झिल्ली, पन्नी में सामान लेना या देना दोनों प्रतिबंधित है। यह झिल्ली इतना पतला होता है कि इसका रिसायकल भी नहीं किया जा सकता हैं। नालियों, नालों को जाम कर देता है। लोग झिल्ली में सब्जी, खाने की सामाग्री इत्यादि फेंक देते है, जिसे गौ माता खाकर बीमार पड़ जाती है, उनका पेट फुल जाता है। नाक से पानी गिरने लगता है और एक दिन वह दम तोड़ देती है। इन सबके दोषी कहीं न कहीं हम सब समाज के लोग ही है। जो व्यापारी मना करने के बाद भी झिल्ली में सामान बेच रहे थे, उनका जप्ती बनाया गया। छोटे ठेले, सब्जी बेचने वाले एवं खरीदने वाले से भी 2600 रूपया अर्थदण्ड लिया गया। सब्जी मण्डी में ही बिटेक इंजीनियर सुबोध सिंह द्वारा मिर्ची, धनिया, अदरक, लहसुन, टमाटर, नीबू इत्यादि को अलग-अलग झिल्ली में खरीद कर ले जा रहे थे। उन्हे रोककर समझाया गया, उनको निगम द्वारा थैला दिया गया। उन्होने कबूल किया यह हम लोगों की लापरवाही है कि घर से थैला लेकर नहीं चलते हैं।

संध्या देवांगन कालेज छात्रा द्वारा झिल्ली में सब्जी लिया जा रहा था। उसे बताया गया कि बगल में ही 10 रूपये में अच्छा थैला मिल रहा है, उसने तुरन्त नया थैला खरीद कर सामान लिया। बोली मुझे मालूम ही नहीं था कि इतने सस्ते में थैला मिलता है।

जागरूकता रैली के दौरान वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक केके सिंह, जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे, हेमंत मांझी, मिशन मैनेजर अमन पटले, एकता शर्मा, पीआईयू, अभिनव ठोकने, सुभम पाटनी, शहरी अजीविका मिशन के सीओ, सीआरपी आदि उपस्थित थे।

## प्रत्याशियों ने जनता से मांगा आशीर्वाद

# रसमड़ा से सरपंच प्रत्याशी भानु ने किया डोर टू डोर जनसंपर्क



**दुर्ग।** औद्योगिक ग्राम रसमड़ा से सरपंच पद की प्रत्याशी भानु रामखिलावन यादव ने अपने पंच समर्थक प्रत्याशियों एवं भाजपा कार्यकताओं एवं ग्रामीणों के साथ ग्राम की देवी देवता की पूजा अर्चना कर गांव के गली चौक-चौराहों से होते हुए डोर टू डोर तीसरा राउड की चुनाव प्रसार में मतदाताओं से समर्थन एवं आर्शिवाद मांग रही है। प्रत्याशी यादव एवं भारी संख्या में समर्थकों ने दावा किया है कि जिस तरह हमें जन समर्थन मिल रही है वह हमारे पक्ष में सुनिश्चत है। समर्थक कार्यकताओं ने प्रमुख रूप से पूर्व सरंपच एवं बंधकश्रम सर्तकता व निगरानी समिति के दुर्ग ब्लाक के सदस्य रामखिलावन यादव केन्द्रीय सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष पुष्पा सिंह, बुथ अध्यक्ष सोहन निर्मलकर, पूर्व उपसंरपंच उमाशंकर यादव, हरेकृष्णा ठाकुर, राजकुमार शर्मा, पूर्व उपसरपंच रंजना यादव, भगवानी राम साहू, त्रिभुवन वैष्णव, रूपेश कुमार यादव, गरीबा टांडी, रामनारायण निषाद, विजय कुमार ठाकुर, इंदल निर्मलकर, बैकुठो रावत, किशन यादव, मीना यादव, शकुन ठाकुर, विकांत यादव, गजेन्द्र यादव, संतोषी साहू, ललिता, मोटु निषाद, नीतु, दुष्यंत निषाद, तारा, संतु यादव, सोनकुंवर ठाकुर, जय प्रकाश निर्मल, रेखा, सोनसिंह ठाकुर, अनुपा, मन्नु साहू, सोनबती, विजय कुमार ठाकुर सहित बड़ी संख्या में महिला युवा एवं ग्रामीणजन शामिल थे।

# बाबा घासीदास की पूजा-अर्चना कर चुनाव में जीत के लिए मांगा आशीर्वाद



**निकुम।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव नजदीक आते ही चुनावी रंग दिखने लगा है, सभी प्रत्याशी अपनी-अपनी किस्मत और मेहनत पर खरा उतरने प्रयास कर रहे हैं। वहीं दुर्ग जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 7 में चुनावी माहौल काफी दिलचस्प हो गया है, जिसमें ग्राम भोथली के भाजपा समर्पित प्रत्याशी आशा सुरेश साहू लगातार क्षेत्र जनता के बीच जाकर जन आशीर्वाद सभी समाज से ले रही हैं। वहीं संत शिरोमणि बाबा घासीदास बाबा के जैतखाम निकुम में चरण पादुका में श्रीफल अर्पण कर जीत का आशीर्वाद मांगा, जिसमे बड़ी संख्या में सतनाम समाज के लोग उपस्थित थे। वहीं ग्रामीणों ने पेयजल की समस्या बताई, इस पर आशा साहू ने आप सेवा का मौका देवे, बिल्कुल समस्याओ से निजात मिलेगी, गौर हो दिव्यांग पूर्व सरपंच भोथली सुरेश साहू ने कहा कि क्षेत्र की जनता को शासन-प्रशासन से बेहतर सुविधा और योजनाओं का लाभ मिलेगा। दिव्यांग सुरेश साहू लगातार बीते एक दशक भर भोथली विकास कार्यों से अपनी अलग पहचान बनाया है। वे कुथरेल, चंदखुरी, खांड़ा, आलबरस, विनायकपुर सहित गांव-गांव में जाकर जोरशोर से प्रसार कर बड़े बुजुर्गों, युवाओं, महिलाओं से सहयोग की अपील कर रहे हैं।

# आशा को मिल रहा जनसमर्थन, घर-घर जाकर मांगा जीत का आशीर्वाद




**अंडा।** दुर्ग जिले के क्षेत्र क्रमांक 7 जिला पंचायत सदस्य में चुनाव बेहद दिलजस्प हो गया है। लगातार प्रत्याशी प्रचार में लगे हुए हैं। आशा विक्की मिश्रा ग्राम पंचायत कोलिहापुरी निवासी ने इस त्रिकोणीय चुनावी मुकाबले में नतीजा भी रोचक होते जा रही है। गली में घर-घर जाकर जीत के लिए समर्थन मांगकर क्षेत्र के विकास के लिए विजन बताया, इस क्षेत्र में पानी की समस्या से ग्रामीणों को मुक्ति दिलाने प्रयास करेंगे, शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रयास करेंगे क्षेत्र में असामाजिक तत्व, अवैध शराब कोचिए से मुक्ति मिलेंगी, आंगनबाड़ी को बेहतर हाईटेक सुविधा लगे, विकास कार्यों से गांव की तस्वीर व तकदीर बदलने की बात कही, महिलाओं के हित के लिऐ बेहतर कार्य कर बैंकों से बेहतर सरकारी योजनाओं से सस्ती ऋण देकर आत्मनिभर्र बनाने की बात कही, सरकारी योजनाओं को हर जरुरत मंद को लाभ दिलाने की बात कही, क्षेत्र कोलिहापुरी, पिसेगांव, चंदखुरी, कोनारी, कुथरेल, भरदा, अछोटी, चिंगरी, अंडा, विनायकपुर, आमटी, माशाभाट, निकुम, आलबरस, तिरगा, झोला, भोथली में उपस्थित थे। इस रैली में पूर्व कैबिनेट मंत्री ताम्रध्वज साहू, छ.ग. श्रम विभाग कल्याण के उपाध्यक्ष केशव बंटी हरमुख, ब्लाक अध्यक्ष प्रदीप चन्द्राकर टिकेश्वरी लाल देशमुख, ज्ञानेश्वर विक्की मिश्रा, बाबू लाल देशमुख, नन्द कुमार साहू, घसिया राम देशमुख, दिपनारायण यादव, तारा शर्मा, हुल्ली बाई साहू, रूपेश देशमुख, आशा देशमुख, तारकेश्वर चन्द्राकर, मीना बंजारे, पुकेश चन्द्राकर, लोकनाथ साहू, दिपिका चन्द्राकर, मनोज चन्द्राकर, विजय साहू, चन्द्र भान बंजारे, जागेश्वर देशलहरे, संतोष खुटेल सहित बड़ी सख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता जीत हासिल करने प्रचार कर रहे हैं।

# नगरवासियों की अपेक्षा व प्राथमिकता के अनुरूप विकास कार्य हो रहे: ईश्वर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिका के वार्ड क्र. 13 लवकुश नगर में दस लाख रूपये के लागत से सीमेंटीकरण कार्य का भूमिपूजन नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर द्वारा किया गया। भूमिपूजन के अवसर पर नपा अध्यक्ष ठाकुर ने बताया कि हमारे नगर पालिका क्षेत्र जामुल के विभिन्न वार्डों में समान रूप से विकास कार्य चल रहा है। नगरवासियों के अपेक्षा के अनुरूप एवं हमारे परिषद के सभी सदस्यों के अनुशंसा के अनुसार उनके प्राथमिकता अनुरूप विकास कार्य हो रहा है। जिस सीमेंटीकरण कार्य का भूमिपूजन हुआ है। उसकी लागत दस लाख रूपये का है। विकास कार्य के लिए राशि की कोई कमी नहीं है। राज्य सरकार एवं हमारे उच्च जनप्रतिनिधियों के सहयोग से हमारे जामुल नगर पालिका में नित्य नये विकास कार्य हो रहे हैं जो कि सभी के सामने है। साथ ही मेरा हमेशा से प्रयास रहा है कि हमारे नगर पालिका के हर क्षेत्र में सभी प्रकार के विकास हो जिसका लाभ सभी वर्गों को मिले। भूमिपूजन कार्यक्रम में वार्ड पार्षद कवि कविता विश्वाल, वार्ड 5 के पार्षद दीपक गुप्ता, पंडित देव बिहारी मिश्रा सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

### वार्ड 7 में सीमेंटीकरण कार्य शुरू

नगर पालिका जामुल में विकास कार्य लगातार तेजी से हो रहे हैं



जामुल के विकास यात्रा में वार्ड 7 में सीमेंटीकरण कार्य प्रारंभ करवाया गया। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने श्री फल तोड़कर सीमेंटीकरण कार्य के संबंध में बताया कि यह कार्य हमारे परिषद के पार्षद अश्वनी साहू के पार्षद निधि से हो रहा है। जिसकी लागत राशि एक लाख रूपये है। जिसमें कि वार्डवासियों को आने जाने में सुविधा हो। कार्य प्रारंभ होने के अवसर पर पार्षद अश्वनी साहू, कपिल देशलहरा, लेखराम साहू, आशा भारती, बंशी साहू, विश्वासा बाई, धनसिंग साहू, प्रीति बाई सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

# भगवान राम-भरत मिलन की कथा सुनकर भाव विभोर हो उठे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

■ धनोरा में शतचंडी यज्ञ एवं श्री राम कथा का समापन



बाबा दरबार पवन धाम धनोरा में चल रहे हैं शतचंडी यज्ञ एवं श्री राम कथा का समापन माघी पुन्नी मेला के दिन किया गया। दरबार के लक्ष्मण बाबा ने बताया कि महावीर उद्यान में समस्त ग्रामवासी एवं भक्तगण के विशेष सहयोग से चल रहे यज्ञ का समापन पंडित दीपक पांडे ने विधि विधान के साथ की। महाराज ने लोगों के जन कल्याण के लिए संपूर्ण पृथ्वी को अपना परिवार मानने तथा सबके लिए लोक कल्याण की भावना से कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया।

यज्ञ कुंड में खीर एवं पुरी का विधि विधान के साथ सभी यजमान एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों द्वारा हवन कुंड में पूर्ण आहुति डालकर समापन किया गया। इस यज्ञ के मुख्य यजमान रहे गुलाब साहू, सुनीता साहू, मनोज पटेल, हितेश पटेल, ललित साहू, मंजू साहू, बाबूलाल साहू, प्रमिला साहू, कल्याण देवांगन, अंजू देवांगन, मारियल साहू, ज्योति साहू, सुखउराम, बुधकुंवर, नारायण, योगेश साहू, देव श्री साहू, आदि का विशेष सहयोग रहा एवं श्री राम कथा के मुख्य यजमान रोशन साहू, प्रभा साहू, राजू यादव, ललिता यादव, मनसुखा साहू, लक्ष्मी साहू, बाबा दरबार पावन धाम समिति के अंतर्गत पांचवें दिन चित्रकूट से पधारे हनुमंत द्वारा पीठाधीश्वर रामानंदचार्य धीरेंद्रचार्य महाराज ने भारत मिलाप का सुंदर वृत्तांत सुनाया। राम भरत मिलन की कथा सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे और श्रोताओं की आंखें नम हो गई। कथा वाचक धीरेंद्रचार्य महाराज ने कहा भरत चले चित्रकूट हो रहा राम राम को माननी सियाराम को मनाने उन्होंने बताया कि प्रभु श्री राम से मिलने को रतन व्याकुल हो उठते हैं उनके रातों की नींद वह दिन का चैन छिन गया था। आंखों से अश्रु धारा निकल रही थी कब बड़े भाई श्रीराम के दर्शन हो।

एक-एक पल उनके लिए वर्ष समान बीत रहा था। भरत जब चित्रकूट के निकट पहुंचते हैं तथा आश्रम में प्रवेश करते अपने जैसे ही बड़े भाई श्री राम को देखते हैं तो मानो उनका सारा दुख और कष्ट मिट गया। उन्होंने कहा कि भगवान राम का वनवास का रूप कमर में मुनिया का वस्त्र बंधी है और इस में तरकस कसे हैं हाथ में बाण और कंधे पर धनुष है इसके बाद भारत मिलाप होता है तथा श्री राम अपने अनुज भरत को अपनी बाहों में भर लेते हैं मानो भरत के सीने पर चल रहे बाण शांत हो गए हैं। राम भरत का मिलाप देखकर देवता नतमस्तक होते हुए फूलों की वर्षा करने लगे। वही दोनों भाइयों के अटूट प्रेम को देख भाव विभोर हो गए। कथा व्यास पीठ से महाराज ने बताया कि भाइयों का ऐसा प्यार संसार में कहीं देखने को नहीं मिलता। श्रद्धालु श्री राम कथा सुन भाव विभोर हो गए तथा कथा पंडाल में सभी भक्तों ने मिलकर महाराज को श्रीफल भेंटकर आशु परित विदाई कर कथा का समापन किया। वहीं श्री राधा कृष्ण मंदिर समिति के द्वारा मंदिर प्रांगण के पास भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें भगवान श्री राधा कृष्ण के दर्शन करके भंडारा भोग प्रसाद ग्रहण किया गया। इस आयोजन समिति के सदस्य दरबार के लक्ष्मण बाबा, विनोद साहू, सुखी राम साहू, रूपलाल, चंद्रकांत देवांगन, राजू देवांगन, चंद्रकांत कोसरे, कुंज लाल साहू, शिवचरण साहू आदि हैं।

### माघपूर्णिमा पर शिवलिंग में किया दुग्धाभिषेक



**भिलाई।** भाजयुमो खुर्सीपार मंडल उपाध्यक्ष एवं समाज सेवी भिलाई वी वायकुंठ राव एवं उनकी युवा टीम के नेतृत्व में माघपूर्णिमा के अवसर पर राजराजेश्वरी मंदिर पावर हाउस भिलाई स्थित शिवलिंग पर विशेष पूजा अर्चना कर 51 लीटर दूध से अभिषेक किया गया। साथ ही खेली गई भस्म की होली तत्पश्चात आरती कर खिचड़ी का महाभोग भक्तों मे वितरण कर प्रदेश में सुखसमृद्धि की कामना की गई। इस अवसर पर सर्व एमएस राव, यशवंत यादव, दीपक वर्मा, अंकित अग्रवाल, सूरज ठाकुर, निर्मल रनाडे, राजेन्द्र राम, रिंकेश शर्मा, एन सतीश, शुभ गोयल, अभिषेक, विशाल सहित आदि उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### स्टील इम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन के नए सचिव पंत

**भिलाई।** स्टील इम्पलाईज वेलफेयर एसोसिएशन (सेवा), बीएसपी में कार्यरत कार्मिकों की एक कल्याणकारी संस्था है। स्टील इम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव व महाप्रबंधक (संपर्क, प्रशासन एवं जनसंपर्क) अमूल्य प्रियदर्शी का संयंत्र के अन्य विभाग में स्थानांतरण होने के फलस्वरूप सेवा नियमावली में उल्लेखित प्रावधानों की कंडिका क्रमांक 12 (ए) एवं कंडिका 13 के तहत भिलाई इस्पात संयंत्र के उप महाप्रबंधक मनीष पंत को तत्काल प्रभाव से स्टील इम्प्लाईज वेलफेयर एसोसिएशन, शासीनिकाय का सचिव नियुक्त किया गया।

### अधिकारी, कर्मचारी के कार्यों के फोटोग्राफ करेंगे शेयर



**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के सभी कार्यो में निरंतरता लाने के लिए आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय प्रतिदिन किसी भी जोन में जाकर निरीक्षण के लिए भ्रमण कर रहे हैं। संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दे रहे हैं। प्राप्त आदेशानुसार फिल्ड के सभी अधिकारी/कर्मचारी जो भी उनको दायित्व मिला है। अपने कार्य के क्षेत्रों में भ्रमण करेंगे, निरीक्षण के दौरान लोकेशन के साथ फोटोग्राफ भी डालेगे। क्या कार्य हो रहा है, कितना प्रगति हुआ है, समय सीमा के अंदर है, या बाहर, गुणवत्ता इत्यादि के बारे में सभी कार्यों का प्रगति के साथ गुगलशीट में अपलोड करेगें। आयुक्त पाण्डेय द्वारा प्रत्येक सप्ताह समीक्षा बैठक लिया जाता है। अधिकारी, कर्मचारी के द्वारा संपादित किये जा रहे कार्यो की समीक्षा की जायेगी। प्रमुख रूप से साफ-सफाई, निर्माण, उद्यान, परियोजना, जल वितरण, संपत्तिकर, भू-भाटक, जलकर, आदि से संबंधित सभी अधिकारी/कर्मचारी अपने-अपने दायित्वों के साथ कार्य करते हुए प्रतिदिन का फोटोग्राफ निगम के एक्टीविटी गुरप में शेयर करेगें।

# दिन का पारा 35 डिग्री व रात का 14 डिग्री के पार, और बढ़ेगा तापमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग सहित पूरे छत्तीसगढ़ में उत्तर से आने वाली ठंडी हवाओं का असर कम हो गया है। ठंडी हवाओं का आना लगभग बंद हो गया है। इस वजह से ठंड कम हो गई है। पिछले एक सप्ताह से दिन और रात के तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। दुर्ग में अधिकतम तापमान 35 डिग्री तक पहुंच गया है। वहीं न्यूनतम पारा 14 से 15 डिग्री के आसपास पहुंच गया है। मौसम विभाग के मुताबिक आगामी दिनों में तापमान में और भी बढ़ोतरी की संभावना है। आने वाले 3 दिनों में मौसम में विशेष बदलाव के आसार नहीं हैं। मौसम इसी तरह शुष्क (ड्राई) बना रहेगा। इससे ठंड में लगातार कमी आएगी और रात का पारा 3 डिग्री तक बढ़ेगा।

## अगले तीन दिनों तक ऐसा ही रहेगा मौसम, पतझड़ की भी हो चुकी शुरुआत

### पिछले तीन दिनों से 14 से 17 डिग्री पर ठहरा है न्यूनतम पारा

मौसम विभाग के मुताबिक पिछले तीन दिनों से न्यूनतम पारा 14 से 17 डिग्री के बीच ठहरा हुआ है। 11 फरवरी को जहां पारा 15.2 डिग्री रहा, जो सामान्य से 0.7 डिग्री कम रहा। वहीं 12 फरवरी को यह 17.2 डिग्री रिकार्ड किया गया, जो सामान्य से 1.3 डिग्री ज्यादा था। 13 फरवरी को न्यूनतम तापमान 14.6 डिग्री रहा, जो सामान्य से 1.3 डिग्री कम रहा। वहीं अधिकतम तापमान 35 डिग्री के करीब बना हुआ है। बता दें कि 11 फरवरी से पहले तक जिले में ठंड का अहसास हो रहा था, लेकिन इसके बाद से धूप की तपिश ने लोगों को झुलसाना शुरू कर दिया है।



### पतझड़ का मौसम आया, गर्म हवाएं भी चलने लगी

इधर जिले में पतझड़ का मौसम भी आ गया है। सूखे पत्ते गिरने लगे हैं। इसके साथ ही गर्म हवाएं भी चलने लगी है। मौसम विभाग के मुताबिक यह संकेत है कि मौसम में बदलाव हो रहा है। ठंड का मौसम जाने को है, वहीं गर्मी आने को है। हालांकि अगले 7 दिनों में मौसम में बदलाव की संभावना बनी हुई है। दुर्ग सहित छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। हल्के बादल भी छाए रहेंगे। इसके असर से एक बार फिर तापमान में गिरावट की संभावना बन रही है।

### गर्मी बढ़ने के साथ घरों में शुरू हो गई कूलर

इधर शहर में गर्मी का असर देखने को मिल रहा है। गर्मी बढ़ने के साथ ही लोगों के घरों में कूलर भी शुरू हो गए हैं। जबकि फिलहाल 15 फरवरी भी नहीं गुजरी है। मौसम विभाग के मुताबिक इस बार पिछले वर्ष की तुलना में ज्यादा गर्मी पड़ने की संभावना है। साथ ही मानसून भी जल्द आएगा। फिलहाल गर्मी बढ़ने के साथ तापमान में बढ़ोतरी शुरू हो गई है। स्थानीय प्रभाव से बारिश की संभावना भी बन सकती है।

## नई पहल : 34.26 मिलियन यूनिट ग्रीन विद्युत का होगा उत्पादन

# छत्तीसगढ़ का पहला फ्लोटिंग सौर ऊर्जा संयंत्र भिलाई में

**कार्बन उत्सर्जन में सालाना 28, 330 टन की कमी आएगी**

विमलशंकर झा ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा कार्बनडाइआक्साइड के उत्सर्जन में कमी लाने और बिजली खपत कम करने के लिए एक महत्वाकांक्षी परियोजना पर काम चल रहा है। इसके तहत एनएसपीसीएल के सहयोग से दो सोलर प्लांट स्थापित किए जा रहे हैं और एक फ्लोटिंग सोलर्जी सिस्टम प्रस्तावित है। इनके बन जाने से 34. 26 मिलियन यूनिट ग्रीन विद्युत का उत्पादन होगा और बीएसपी को अपनी कैप्टिव विद्युत जरुरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। बीएसपी और एनएसपीसीएल के टाउनशिप में पहला सोलर प्लांट बीएसपी के मरोदा-1 जलाशय में स्थापित किया जा रहा है। यह छत्तीसगढ़ राज्य का पहला फ्लोटिंग सौर ऊर्जा संयंत्र होगा। इस संयंत्र से सालाना 34.26 मिलियन यूनिट ग्रीन विद्युत का उत्पादन होगा। इससे बीएसपी के कार्बन उत्सर्जन में सालाना 28,330 टन की कमी आने की सम्भावना है। एनटीपीसी और सेल का संयुक्त उद्यम एनएसपीसीएल इस परियोजना के लिए परामर्शदाता के रूप में कार्य करेगा। इस परियोजना को इस साल मार्च तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

अलग खबर

### जल्द ही इस्पात नगरी सौर ऊर्जा से जगमग होती देगी दिखाई





मरोदा जलाशय में इस तरह बनेगा तैरता हुआ सौर ऊर्जा संयंत्र, संयंत्र लगाने की तैयारी चल रही युद्ध स्तर पर

### क्रेडा के साथ सोलर एनर्जी सिस्टम

बीएसपी के ग्रिड से जुड़े सोलर पावर प्लांट की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग के लिए, बीएसपी और क्रेडा के संयुक्त तत्वावधान में मैत्रीबाग में दूसरा सोलर प्लांट निर्माणाधीन है। इस परियोजना के तहत, 200 किलोवाट पावर सोलर पावर प्लांट स्थापित किया जाएगा, जो 800 यूनिट प्रति दिन और 24 हजार यूनिट प्रति माह उत्पन्न करेगा।

### टाउनशिप में फ्लोटिंग सौर ऊर्जा संयंत्र

छत्तीसगढ़ राज्य का पहला फ्लोटिंग सौर ऊर्जा संयंत्र भिलाई में स्थापित होगा। 15 मेगावाट क्षमता वाले फ्लोटिंग सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना बीएसपी के ग्रीन एनर्जी उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह परियोजना बीएसपी के कार्बन उत्सर्जन को कम करने एवं ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है । इस संयंत्र से सालाना 34.26 मिलियन यूनिट सोलर विद्युत का उत्पादन होगा। एनएसपीसीएल इस परियोजना के लिए परामर्शदाता के रूप में कार्य करेगा और इसे मई 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके बन जाने इस्पात नगरी के कई क्षेत्र सौर ऊर्जा से जगमग हो सकेंगे।

## सेक्टर-9 हॉस्पिटल रेफरल सेंटर बना, डॉक्टरों की भारी कमी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने जेएलएन चिकित्सालय तथा अनुसंधान केंद्र सेक्टर-9 में डॉक्टरों की कमी और सुविधाओं के अभाव को लेकर शिकायत की है। उन्होंने इसे लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा है। बीएकेएस के महासचिव अभिषेक सिंह ने कहा कि कभी यह अस्पताल आदर्श अस्पताल के रुप में जाना जाता था। परंतु आज के समय विशेषज्ञ चिकित्सकों तथा उपकरणों के अभाव में यह रेफरल अस्पताल बनते जा रहा है। जहां अधिकतर बड़ी बिमारियों के इलाज के लिए देश के दूसरे शहरों में स्थित अस्पतालों में रेफर किया जा रहा है। इससे एक तो सेल, बीएसपी का पैसा खर्च होता है, तो दूसरी तरफ मरीज और उनके परिजनों को बेवजह आवागमन में परेशानी झेलनी पड़ती है। विशेषज्ञ कार्डियोलॉजिस्ट, न्यूरो फिजिशियन, न्यूक्लियर मेडिसिन, रेडियोलॉजी, पैथोलॉजी चिकित्सक नहीं रहने के कारण इन क्षेत्रो से जुड़े मरीजों को दूसरे अस्पतालों में रेफर किया जा रहा है। वही कई बीमारियों की जांच के लिए उपकरणो की उपलब्धता भी नहीं होने के कारण मरीजों के बिमारियों की जांच नहीं हो पा रही है। उन्होंने कहा कि इस पत्र के माध्यम से हमारी यूनियन जेएलएन औषधालय एवं अनुसंधान केंद्र में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति की जाय तथा सभी जांच उपकरणों की उपलब्धता भी सुनिश्चित करने की मांग करती है।

■ बीएकेएस ने की शिकायत

# दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग और आवश्यक उपकरणों का किया वितरण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल-बीएसपी के कुटेश्वर लाईम स्टोन खदान में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियों के अंतर्गत दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं आवश्यक उपकरणों के वितरण के लिए विजयराघवगढ़ के जनपद पंचायत भवन कटनी में गुरुवार को दिव्यांगजन सहायक उपकरण वितरण समारोह का आयोजन किया गया। सहायक उपकरण वितरण समारोह का आयोजन सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, जिला कटनी, मध्य प्रदेश के तत्वाधान में सेल-बीएसपी के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग के सहयोग से किया गया। कुटेश्वर माइंस के आसपास के क्षेत्रों में निवासरत दिव्यांगजनों को ट्राईसायकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, श्रवण यंत्र, दृष्टि बाधित दिव्यांगजनों के लिए फोल्डिंग छड़ी, एमएसआईईडी किट, ट्राईपॉड, टेट्रापॉड, सर्वाइकल कालर, नी बेस आदि उपकरणों का निःशुल्क वितरण किया गया। सहायक उपकरण की सहायता से उन्हें अपने दैनिक जीवन को सुचारू रूप से जारी रखने में मदद मिलेगी। सहायक उपकरण वितरण समारोह का आयोजन महाप्रबंधक प्रभारी मनोज कुमार के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक वीरेंद्र कुमार नेताम, उप महाप्रबंधक आनंद मुकुल पाण्डेय, उप महाप्रबंधक प्रफुल्ल कुमार तथा डिप्टी सीएमओ डॉ. बिजेंद्र नाथ सोरेन उपस्थित थे। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के तहत संचालित जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र, कटनी में सहायक उपकरण वितरण समारोह का आयोजन सेल-बीएसपी के कुटेश्वर खदान के सहयोग से किया गया।

■ सेल-बीएसपी के कुटेश्वर लाईम स्टोन खदान में आयोजन

# कर्मचारी की समस्याओं को प्रबंधन तक पहुंचाने यूनियन ने जीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



कर्मचारी हित की आवाज एवं उनकी समस्याओं को उच्च प्रबंधन तक पहुंचाने के उद्देश्य से भिलाई कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारियों ने एक ज्ञापन मुख्य महाप्रबंधक के नाम महाप्रबंधक आईआर एवं सीएलसी विकास चंद्रा को सौंपा जिसमें मुख्य रूप से वर्तमान में कर्मचारी जिन समस्याओं से जूझ रहे हैं उनका उल्लेख किया गया है जिसमें कार्मिक विभाग में कार्यरत कर्मचारियों का ट्रेनिंग पीरियड को सेवा काल में जोड़ा जाए। सीएनआईटी द्वारा बनाई गई वेबसाइट बीएएमएस मे अटेंडेंस संबंधी समस्याएं लगातार बनी हुई है तथा दोनों समय अटेंडेंस लगाने के बाद भी सिंगल पंच दिखाई देना, छुट्टी भरने में आ रही दिक्कतें, सर्वर स्लो होने के कारण अधिकारियों को कर्मचारियों की छुट्टी शर्टिफाइड करने में भारी समस्या आ रही है इससे काम भी प्रभावित हो रहा है जिन्हें दूर किया जाए। छुट्टी भरने में हो रही परेशानियों को देखते हुए टाइम ऑफिस को सहयोगी के तौर पर पुन है शुरू किया जाना चाहिए। इस वर्ष ई एल बनने में विसंगतियां दिख रही है इस पर ध्यान देकर विसंगतियों को दूर किया जाए। स्थानीय एमबीबीएस डॉक्टर का मेडिकल सर्टिफिकेट छुट्टी के लिए मान्य किया जाए। रिटायरमेंट के समय फाइनल पेमेंट का डिटेल कार्मिकों को नहीं दिया जा रहा इस कारण उन्हें अपनी फाइनल पेमेंट की गणना करने में दिक्कत आ रही है इसे दिया जाना चाहिए। अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच मोबाइल बेहतर तालमेल का माध्यम बन गया है इसकी उपयोगिता को देखते हुए सभी कर्मचारियों को मोबाइल हैंडसेट दिया जाना आवश्यक है। हड़ताल के समय ड्यूटी में अनुपस्थित कर्मचारियों का प्रमोशन प्रबंधन ने रोक रखा है प्रबंधन द्वारा इस प्रकार की कार्रवाई उचित नहीं है। वहीं पारिवारिक कारणों से 28 अक्टूबर को ड्यूटी पर नहीं आने वाले कर्मचारियों जिन्होंने पहले से ही छुट्टी अप्लाई कर रखी थी उन सभी कर्मचारियों की छुट्टी पास की जाए। फेस्टिवल एडवांस 5000 से बढ़कर 25000 रुपए किया जाए। सभी रेस्टोरेंट में पंखे कूलर एवं सफाई की उचित व्यवस्था की जाए एवं इसकी मॉनिटरिंग लेबर ऑफिसर से कराई जानी चाहिए। वहीं यूनियन की ओर से अध्यक्ष राजेश चौहान, महामंत्री अशोक माहौर, कार्यकारी अध्यक्ष आनंद पांडेय, उपाध्यक्ष अवधेश पांडेय, तरूण सेमुअल आदि उपस्थित थे।

■ वर्तमान में कर्मचारी विविध समस्याओं से जूझ रहे

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

जन्मदिन उत्सव
पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि अब हर माह आप बने भाग्यशाली विजेता। जन्मदिन उत्सव माह मार्च का फार्मेट का प्रकाशन 10 फरवरी को किया जा चुका है, पाठक अपना फार्मेट 15 फरवरी तक अपने एजेंट सब एजेंट जिला कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

## अभिकर्ता कागज, पेन ले जा सकेंगे, अंदर जाने पास अनिवार्य

# मतगणना स्थल पर मोबाइल प्रतिबंधित, शराब दुकानें रहेगी बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

मतगणना हाल में मोबाइल ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। मतगणना के दौरान मतगणना हाल में मोबाईल या अन्य कोई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाना पूर्णतः वर्जित है। गणना अभिकर्ता को केवल सादा कागज, पेन एवं पीठासीन अधिकारी द्वारा प्रदाय मतलेखा की प्रति ले जाने की अनुमति होगी। इसी प्रकार गणन अभिकर्ताओं को आबंटित मेज से हट कर हाल में इधर-उधर घुमने की अनुमति नहीं है तथा भवन के अंदर धम्रपान पूरी तरह निशिद्ध है। किसी भी अभिकर्ता को मतगणना भवन में प्रवेश के लिए नियुक्ति पत्र दिखाना होगा। साथ ही मतदान की गोपनीयता बनाये रखने के लिए की जाने वाली घोषणा पत्र में उनका हस्ताक्षर होना चाहिए। मतगणना स्थल में प्रवेश हेतु अधिकारी, कर्मचारियों सहित सभी के लिए पास अनिवार्य है। बहरहाल पुलगांव स्थित भारतीय कालेज को स्ट्रांग रूम बनाया गया है। जहां सीसीटीवी कैमरे से लगातार निगरानी की जा रही है। इसके आलावा दर्जनभर बल भी लगाए गए हैं।




### सभी निकायों में प्रतिबंधित रहेगा

इसके आलावा मतगणना स्थल क्षेत्र से संलग्न नगर पालिकाओं के वार्डों में स्थित समस्त देशी मदिरा एवं विदेशी की फुटकर दुकानों, रेस्टॉरेंट-बार, होटल-बार, क्लब आदि जैसे-एफ.एल.-1 (घघ), एफ.एल.-1 (घघ-कम्पोजिट), सी.एस.-2 (घघ), सी.एस.2 (घघ कम्पोजिट), सी.एस.2 (ग-अहाता), सी.एस.2 (ग-कम्पोजिट अहाता), एफ.एल.-1 (ख-अहाता), एफ.एल.1 (ख-कम्पोजिट अहाता), एफ.एल.-3, 5, 5 (क) को बंद रखे जाने हेतु 'शुष्क अवधि दिवस घोषित किया है।

### इन दुकानों में लगाया गया प्रतिबंध

प्राप्त जानकारी के अनुसार मतगणना स्थल भिलाई चरोदा के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला भिलाई-3 में एफ.एल.-1 (घघ), एफ.एल.-1 (घघ-कम्पोजिट), एवं एफ.एल.1 (ख-कम्पोजिट अहाता) प्रतिबंधित रहेगी। इसी प्रकार मतगणना स्थल अमलेश्वर के स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमलेश्वर, कुम्हारी अंतर्गत स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वार्ड 14 कुम्हारी में सीएस 2 (घघ-कम्पोजिट), अहिवारा अंतर्गत रीक्रिएशन क्लब वार्ड क्रमांक 11 नंदिनी नगर अहिवारा में सीएस 2 (घघ-कम्पोजिट), एफ.एल.-1 (घघ-कम्पोजिट) एवं एफ.एल.1 (ख-कम्पोजिट अहाता), धमधा अंतर्गत स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वार्ड क्रमांक 01 धमधा में 2 (घघ-कम्पोजिट), एफ.एल.-1 (घघ), सी.एस. 2 (ग-कम्पोजिट अहाता), एफ.एल. 1 (ख-अहाता), मतगणना स्थल पाटन से संलग्न सीएस 2 (घघ), एफ.एल. 1 (घघ), एफ.एल. 1 (ख-अहाता), मतगणना स्थल उतई से संलग्न सीएस 2 (घघ), एफ.एल. 1 (घघ), एफ.एल. 2 (ग-अहाता), एवं मतगणना स्थल दुर्ग से संलग्न पोटिया रोड, डिपारपारा, गंजपारा, मधुबन बोरसी रोड में सीएस-2 (घघ), सीएस-2 (घघ-कम्पोजिट), एफ.एल. 1 (घघ), सीएस-1 (घघ-कम्पोजिट), सीएस 2 (ग-कम्पोजिट अहाता), एफ.एल.-1 (ख-अहाता), एफ.एल.1(ख-कम्पोजिट अहाता), एफ.एल.-3 मदिरा का संवयवहार प्रतिबंधित रहेगा। जिले की शेष मदिरा दुकानें एवं अन्य अनुज्ञप्तियां पूर्व की भांति यथावत खुली रहेगी।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
21 मार्च से 01 अप्रैल 2025, 11 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025,
09 मई से 20 मई 2025, 23 मई से 03 जून 2025, 06 जून से 17 जून 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 24,500/-, 2 एसी 29,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411



रंगो की धमक

**लाइव इवेंट**

## साइंस कॉलेज के स्टूडेंट्स हुए साहित्यिक गतिविधियों से रूबर



**भिलाई।** साइंस कॉलेज के अंग्रेजी विभाग ने रूसा 2.0 योजना के तत्वावधान में पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी, हिंदी माध्यम विद्यालय खैरागढ़ में एक दिवसीय विस्तार गतिविधि अभ्यास का आयोजन किया किया गया। विभागाध्यक्ष और संकाय सदस्यों ने एमए अंग्रेजी के दूसरे और चौथे सेमेस्टर के विद्यार्थियों के साथ मिलकर साहित्यिक गतिविधियों का आयोजन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. निगार अहमद के परिचयात्मक संबोधन से हुई, जिन्होंने कार्यक्रम का समन्वय किया। डॉ. मर्सी जॉर्ज विभागाध्यक्ष अंग्रेजी विभाग ने विस्तार गतिविधि का उद्देश्य समझाया। एमए चौथे सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने स्कूली विद्यार्थियों में स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए "स्वच्छता" नामक नाटक का प्रदर्शन किया। कलाकारों में कुलदीप त्रिपाठी, प्रखर शर्मा, आकाश सोनी, सिद्धार्थ मिश्रा, कबीर राठौर, अखिलेश मौर्य, आशुतोष दुबे, घनश्याम कौशिक, विनोद कुमार यादव, मनोज कुमार शामिल थे।

दूसरा प्रदर्शन एमए द्वितीय सेमेस्टर के छात्रों द्वारा कहानी सुनाने का कार्यक्रम था। उन्होंनेमेघा सूर्यवंशी द्वारा सुनाई गई कहानी सच्चे दोस्त प्रस्तुत की। अन्य छात्रों ने जानवरों के मुखौटे पहनकर कहानी का अभिनय किया। हर्ष साहू (शेर और लोमड़ी), गीता यादव (खरगोश), संजना सोनी (भालू), अंशु शर्मा और रक्षा सिंह (साही), प्रगति राजपूत और सौम्या रेड्डी (पक्षी) और देविका सोनकर (हिरण) बने।

**सिटी इवेंट**

## पारिवारिक मिलन समारोह में कुर्सी दौड़, मेंहदी, रंगोली स्पर्धा, प्रतिभागी सम्मानित



**भिलाई।** जवाहर नगर स्थित मां मनिकम्मा मंदिर प्रांगण में मैथिल क्षत्रीय समाज का पारिवारिक मिलन समारोह और युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, अध्यक्ष नीलाम्बर सिंह प्रमुख रूप से मौजूद थे। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ कुर्सी दौड़, मेंहदी, रंगोली, नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष तरुण सिंह ने की। रिकेश सेन ने चहुंमुखी विकास के लिए मातृ शक्ति को आगे आने की बात कही। इस अवसर पर नंदकुमार, लक्ष्मी नारायण, विजय सिंह, पुरेग सिंह, संजय सिंह, रोहित सिंह, जयनी गालव, अशवनी गौतम, तुबा सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

## स्क्रैप से बनाई आकर्षक कलाकृति, उरकुरा स्टेशन में लगाई गई



**दुर्ग।** रेलवे स्टेशन के कोचिंग डिपो में कार्यरत कलाकार अशोक देवांगन की बनाई कलाकृति उरकुरा रेलवे स्टेशन पर लगाई गई है। 12 फीट ऊंची यह कलाकृति अपने आप में विशेष है। इसमें एक महिला और पुरुष कर्मी हेलमेट पहने हुए अपने हाथों में रेलवे में उपयोग होने वाले औजार ( पाना, रेल पटरी और क्लेम्प ) पकड़े हुए हैं। मरोदा रेलवे स्टेशन स्थित फिल्टर हाउस में इसे अमित और अभिषेक की मदद से 2 माह में तैयार किया गया है। इससे पहले देवांगन ने भिलाई 3 रेल्वे स्टेशन में स्टीम और इलेक्ट्रिक इंजन का संयुक्त मॉडल भी बनाया है। उन्होंने रेल स्क्रैप से इंडिया गेट, ताजमहल, कुतुबमीनार, गेट वे ऑफ इंडिया, मेक इन इंडिया का शेर, शहीद स्मारक, विशालकाय बुद्ध भी बना चुके हैं। इसके लिए उन्हें स्क्रैप का जादूगर भी कहा जाता है। उनकी कलाकृतियों को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड और लिम्का बुक ऑफ रिकार्ड में भी शामिल किया जा चुका है।

**कुरूद बस्ती भिलाई में चल रहे सात दिवसीय देवांगन पुराण में चौथे दिन का प्रसंग**

# राक्षसों ने दीपचंद को कमल की नाल से रेशा निकालने से रोका, तब माता परमेश्वरी ने 7 राक्षसों का किया वध, इसके बाद शुरू हुआ वस्त्र बनना

कुरुद मंडल और दुर्ग ग्रामीण ब्लॉक देवांगन समाज द्वारा कुरुद बस्ती में सात दिवसीय मां परमेश्वरी की यश गाथा देवांगन पुराण की कथा और यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। लीला मंच कुरूद बस्ती में हो रहे इसे आयोजन में प्रतिदिन कथा सुनने सैकड़ों की श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। गुरुवार को कथा का चौथा दिन रहा। व्यास पीठ पर विराजमान कथावाचक पं. संतोष राव गांगुली ने वस्त्र निर्माण की कथा सुनाई । उन्होंने कहा कि देवांगन समाज धर्म, संस्कृति एवं मर्यादा का पालन करने वाला समाज है। हमें अपनी परंपराओं को आगे बढ़ाना है।

**भिलाई।** पं. संतोष राव ने कथा प्रसंग में कहा कि माता परमेश्वरी ने अपने पुत्र दीपचंद को आदेश दिया कि समस्त देवी-देवताओं और मनुष्य के लज्जा निवारण के लिए वस्त्र का निर्माण करो। माता ने कहा कि समीप के सरोवर में जो कमल खिला है, उसके नाल से बारीक रेशा निकाल कर वस्त्र बनाओ। सरोवर में रहने वाले सात राक्षसों ने दीपचंद को कमल का फूल तोड़ने नहीं दिया, तब माता ने कुपित होकर उन सातों राक्षसों का वध किया। तब जाकर दीपचंद ने कमल के नाल से रेशा निकाल कर वस्त्र निर्माण किया, जो आज हमारी सभ्यता का प्रतीक है। पं. संतोष राव ने कहा देवांगन समाज वस्त्र निर्माण कर दुनिया को सभ्यता सिखाने वाला समाज है। धर्म, संस्कृति एवं मर्यादा का पालन करने वाला समाज है। इस दौरान प्रतिदिन जस गीत एवं माता सेवा भजन के साथ मां का जयकारा लगाया जा रहा है। कथा स्थल पर माता परमेश्वरी की सुंदर मूर्ति स्थापना कर प्रतिदिन महाआरती एवं प्रसादी वितरण किया जा रहा है। देवांगन पुराण की महिमा का वर्णन करते हुए पं. संतोष राव ने कहा कि देवांगन पुराण देवांगन समाज का आदि ग्रंथ है। इसमें देवांगन समाज की ईष्ट देवी मां परमेश्वरी का धरती पर अवतरण एवं देवांगन समाज के आदि पुरुष दीपचंद व आदि माता हरणि के जन्म का वृत्तांत तथा चारों युग सतयुग, द्वापर, त्रेता एवं कलयुग में उनकी वंश वृद्धि एवं गोत्रों की उत्पत्ति का विस्तार से वर्णन किया गया है। यह पुराण देवांगन समाज के लिए पवित्र एवं पूज्यनीय है।

**देवांगन पुराण कथा का सात दिवसीय आयोजन**






सात दिवसीय देवांगन पुराण कथा प्रसंग में ईष्ट देवी मां परमेश्वरी का धरती पर अवतरण, सृष्टि उत्पत्ति, देवांगन समाज के आदि पुरुष दीपचंद का जन्म एवं माता हरणि के साथ विवाह का प्रसंग कथा, वस्त्र निर्माण एवं महिषासुर वध कथा, कलिकाल में विभिन्न गोत्रों की उत्पत्ति कथा, बड़की, मंझली एवं छोटकी माता जन्म कथा, पीढ़ी पूजा एवं यज्ञ की कथा का समावेश है। कथा के सातवें एवं अंतिम दिन 16 फरवरी को हवन, सहस्त्र धारा, कुंवारी भोज, महाआरती, देवी मूर्ति विसर्जन एवं भोग भंडारा का आयोजन किया जाएगा।

## देवांगन जन कल्याण समिति के सदस्यों ने महाकुंभ में किया स्नान



देवांगन जन कल्याण समिति के सदस्यों ने प्रयागराज महाकुंभ की तीर्थयात्रा यात्रा कर पुण्य लाभ अर्जित किया। समाज के सदस्य प्रयागराज पहुंचे। समाज के पर्यटन प्रभारी जुगल किशोर देवांगन के नेतृत्व में देवांगन समाज की महिलाओं एवं पुरुषों ने प्रयागराज के संगम में पवित्र स्नान किया। प्रयागराज महाकुंभ के पवित्र वातावरण में में विशाल जनसमुदाय, साधु संतों एवं अखाड़ों का दर्शन करना एक अलग ही अनुभव रहा अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने कहा कि ऐसे यात्राओं से सामाजिक समरसता एवं सद्भावना बढ़ाने के साथ ही हमारी सांस्कृतिक विरासतों को जानने समझने का अवसर मिलता है।

# सेल सिक्योर कप टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में 12 टीमों ने लिया भाग

**भिलाई।** सेल सिक्योर कप बीएसपी प्रीमियर लीग टेनिस बॉल क्रिकेटर प्रतियोगिता का आयोजन सेक्टर-1 खेल मैदान में किया जा रहा है। बीएसपी डिप्लोमा इंजीनियर एवं बीएसपी यूथ क्लब द्वारा प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता के अंतर्गत सुपर चैलेंज और स्नाइपर के बीच मैच खेला गया। सुपर चैलेंजर ने 35 रन से मैच जीता। मैन ऑफ द मैच मधु सूदन एक्का, गेम चेंजर विकास कुमार रहे। दूसरा मैच ओजी-11 और सुपर चैलेंजर के बीच हुआ। ओजी-11 ने तीन विकेट से मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच निखिल और गेम चेंजर सुरेंद्र रहे। तीसरा मैच टाइटंस और फायर फॉक्स के बीच हुआ। टाइटंस ने 26 रन से मैच जीता। मैन ऑफ द मैच महेश और गेम चेंजर अविनाश रहे। चौथा मैच जीके लायंस और भिलाई बॉयज के बीच हुआ। भिलाई बॉयस ने 5 विकेट से यह मैच जीता। मैन ऑफ द मैच आनंद माधव और गेम चेंजर गोल्डी रहे। पांचवा मैच संडे-11 और रॉयल स्ट्राइकर के बीच हुआ। रॉयल स्ट्राइकर ने 6 विकेट से मैच जीत लिया। मैन ऑफ़ द मैच मुकेश और गेम चेंजर विनय छतवान रहे। एक अन्य मैच भिलाई बॉयज और ओजी 11 के बीच हुआ, जिसे भिलाई बॉयस ने नौ विकेट से जीत लिया। मैचों के अंपायर राधेश्याम, हरिशंकर यादव, नुगेश्वर डहरिया, स्कोरर विनोद देवघरे, दिलीप साहू, आशीष यादव, कॉमेंटेटर मनमदराव अभय, सुधाकर, महेश साहू थे।

- सेक्टर-1 क्रिकेट मैदान में खेले गए मैच, दो ग्रुप्स में 6-6 टीमें हुईं शामिल



## इस्कॉन के प्रभुपाद को प्रयागराज कुंभ में विश्व गुरु की उपाधि

**भिलाई।** इस्कॉन और विश्वव्यापी हरे कृष्ण आंदोलन के संस्थापक आचार्य एसी भक्तिवेदांत स्वामी प्रभुपाद को अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद द्वारा विश्व गुरु की उपाधि से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान प्रयागराज कुंभ में प्रदान किया गया। प्रभुपाद इतिहास में इस उपाधि को प्राप्त करने वाले पहले और एकमात्र व्यक्ति हैं। महामंडलेश्वर महंत रविंद्र पुरी, निरंजनी अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरि, अवहान अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर अवधूत अरुण गिरि की उपस्थिति में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। इस दौरान इस्कॉन बेंगलुरू के अध्यक्ष मधु पंडित दास एवं ग्लोबल हरे कृष्ण मूवमेंट के उपाध्यक्ष चंचलापति दास ने विशेष रूप से भाग लिया। प्रभुपाद की प्रतिमा का विशेष अभिषेक, पुष्प वर्षा, विशाल आरती एवं अन्य शुभ अनुष्ठान वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुए।




**प्रदेश स्तरीय गहिरा मंडई मेला का आयोजन, विधायक सुनील सोनी हुए शामिल**

# गहिरा मंडई मेला में दुर्ग कोसरिया अहीर यादवों ने राऊत नाचा में जीता पहला पुरस्कार, मान्यता; मेले की पहली बोहनी परेतिन दाई करती है

**कार्नर न्यूज**



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय 6 वां गहिरा मंड़ई मेला रायपुर के महादेव घाट पर आयोजित हुआ। इस आयोजन में राऊत नाचा, पारंपरिक नृत्य और गीत की धूम रही। आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार दुर्ग कोसरिया अहीर यादव सेवा समाज ने जीता। आयोजन में कुल 6 मंड़ई दल ने भाग लिया। प्रथम पुरस्कार 16 हजार रुपए प्रदान किया गया। द्वितीय पुरस्कार 11 हजार रुपए जय राधा कृष्ण राऊत नाच मंडली खजरी घुमका राजनांदगांव, तृतीय पुरस्कार 9 हजार रुपए कृष्णा भगवान मंदिर अहीर समाज रायपुरा ट्रस्ट, चतुर्थ पुरस्कार 7 हजार रुपए गहिरा मंडई दल नंदी चौक टिकरा पारा रायपुर को प्रदान किया गया। इसके अलावा आए अन्य दलों को पांच हजार रुपए का पुरस्कार दिया गया। छत्तीसगढ़ कोसरिया अहीर यादव सेवा समाज के तत्वावधान में आयोजित इस समारोह में रायपुर से विधायक सुनील सोनी प्रमुख रूप से मौजूद थे। उन्हें समाज ने अहीर पगड़ी, पितांबरी गमछा व तेंदुसार के लाठी, फूलैता भेंट कर सम्मानित किया। गहिरा गुरु राजेश यादव ने बताया कि मान्यता है कि मंडी की देवी मंड़ई आज भी जहां बाजार हाट लगता है, उसकी प्रथम बोहनी या खरीदी परेतीन दाई करतीं हैं। तब बाजार गुलजार होता है। परेतीन दाई का आव्हान कर विधि-विधान से चूड़ी पाट, सुहाग का सामान, नई साड़ी, चन्दन, फल, पुष्प हार, धूप, अगरबत्ती पूजा अर्चना के बाद ही मंड़ई प्रारंभ होती है। इसका पालन करते हुए ही यादवों ने यह आयोजन किया।



### पूरे प्रदेश के यादव जुटे कार्यक्रम स्थल में, सामाजिक सौहाद्र का दिया संदेश

इस अवसर पर पूरे प्रदेश के यादव कार्यक्रम स्थल पर जुटे। सामाजिक सौहाद्र बढ़ाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ कोसरिया अहीर यादव सेवा समाज के प्रदेश अध्यक्ष हर्ष यादव, गहिरा मंडई के संयोजक राजेश यादव, युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष राकेश यादव, रायपुर जिला अध्यक्ष रोमनाथ यादव, अनल यादव, कन्हैया यादव, मनीष यादव, बसंत यादव, उमराव यादव, हर्ष हिंद यादव, करुणा यादव सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।

### 5 साल पहले शुरू की परंपरा, हर साल हो रहा आयोजन

गरिहा गुरु ने बताया कि छत्तीसगढ़ यादवों के सांस्कृतिक विरासत गहिरा-मंडई को संरक्षण संवर्धन करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जाता है। गहिरा-मंड़ई विगत 5 वर्षों से हरदेव लाला मंदिर प्रांगण टिकरा पारा रायपुर से प्रारंभ होकर महादेव घाट रायपुरा रायपुर स्थित बाबा हटकेशवर नाथधाम में समाप्त होता है। इसके बाद विजई सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले मंडई को पुरस्कृत व सम्मानित किया जाता है। इस बार विजेता प्रतिभागी टीमों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

### हटकेश्वर महादेव मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना

यादव समाज के पदाधिकारियों ने हटकेश्वरी महादेव मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। पारंपरिक तरीके से सारे संस्कार किए। यादव समाज के हजारों यादवों ने महादेव घाट रायपुरा में स्नान किया। इसके बाद बाबा हटकेशवर नाथ के दर्शन किए।

## सिटी इवेंट

### साइबर अपराधों से बचने के लिए अवेयरनेस आवश्यक



**भिलाई।** सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अंतर्गत साइबर सुरक्षा जागरुकता और इंटरनेट उपयोग के लिए क्रिश्चियन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। क्रिश्चियन कॉलेज के पूर्व छात्र सेल के सहयोग से सी-डैक ने सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर एक सत्र आयोजित किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री शंकराचार्य तकनीकी परिसर इलेक्ट्रिकल विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर और कॉलेज के पूर्व छात्र डॉ. देवानंद भोंसले थे। उन्होंने हर जगह होने वाले विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों के बारे में चर्चा की और साइबर अपराधों से खुद को बचाने के तरीके भी सुझाए। उन्होंने बताया कि इंटरनेट एक शक्तिशाली उपकरण है जिसमें सीखने, कौशल बढ़ाने और नई योग्यताएं और ज्ञान प्राप्त करने के लिए अपार अवसर हैं। लेकिन अवसरों के साथ जोखिम भी आते हैं। सुरक्षित इंटरनेट दिवस का उद्देश्य न केवल जागरूकता बढ़ाना है, बल्कि बच्चों और युवाओं को ऑनलाइन सुरक्षा और सशक्त बनाने के लिए ठोस कदम उठाना भी है। डिजिटल क्षेत्र में, बेहतर ऑनलाइन अनुभव के लिए सहयोग आवश्यक है, विशेष रूप से युवा उपयोगकर्ताओं के लिए यह जरुरी है। सभी के लिए यह सत्र बहुत जानकारीपूर्ण और इंटरैक्टिव था। कार्यकारी उपाध्यक्ष रेव्ह.फादर डॉ. पी.एस वर्गीस और प्राचार्य ने सभी प्रतिभागियों को संबोधित किया और उनका स्वागत किया। पूर्व छात्र समन्वयक लिन्सी मेंडोंज़ा ने कार्यक्रम के लिए आभार व्यक्त किया।

- साइबर सुरक्षा कार्यशाला में एक्सपर्ट ने दी जानकारी

● शबे बराअत पर कब्रिस्तान, मस्जिद और घरों में लोग डूबे रहे इबादत में, तकरीर भी हुई

# नम आंखों से याद किया अपने परिजनों को इबादत का सिलसिला चलता रहा सुबह तक

**भिलाई।** शबे बराअत के मौके पर गुरुवार को शहर के मुस्लिम समुदाय ने मस्जिदों, घरों और कब्रिस्तान में खूब इबादत की। लोग शाम से ही कब्रिस्तान में अपने दिवंगत परिजनों की कब्र पर इत्र-फूल लेकर पहुंचते रहे। कब्रिस्तान पहुंच कर दुआओं का यह सिलसिला देर रात और सुबह तक चलता रहा। मस्जिदों और घरों में शाम की नमाज के बाद से खास इबादत का सिलसिला शुरू हुआ। मस्जिदों में शाम की नमाज में बड़ी तादाद में लोग जुटे। शबे बराअत के मौके पर शहर की तमाम मस्जिदों और ईदगाह में शानदार रोशनी की गई है। कब्रिस्तान हैदरगंज के हॉल में गुरुवार सुबह 8 बजे से कुरआन ख्वानी व दुरूद ख्वानी का सिलसिला शुरू हुआ। इसके बाद सुबह 9:30 बजे से फातिहाख्वानी और इज्तेमाई दुआएं की गईं। जिसमें बड़ी तादाद में मौजूद लोगों ने अपने बिछड़े परिजनों के हक में दुआएं की वहीं मुल्क में अमन व सलामती के लिए भी हाथ उठे। कब्रिस्तान हैदरगंज में जलसे की शुरूआत तकरीर व नात से हुई । जलसे में किछौछा शरीफ से सैय्यद मुहम्मद नूरानी अशरफ खास तौर पर शामिल हुए। नात व मनकबत के लिए मशहूर ओ मारूफ़ सना खां जहीरुद्दीन रहबर रायपुरी और शहर ए भिलाई के तमाम उलमाए कराम मौजूद रहे। निजामत नकीबे आजम छत्तीसगढ़ मौलाना गुलाम मोहिय्युद्दीन रज़वी फरीद नगर ने की और सदारत हाफिज व कारी मौलाना इकबाल हैदर अशरफी इमामो-खतीब जामा मस्जिद सेक्टर-6 ने की।



### कब्रिस्तान में सुबह तक पहुंचते रहे लोग

शबे बराअत के मौके पर शहर के हैदरगंज कब्रिस्तान में खूब रौनक रही। शाम से लोगों के आने का सिलसिला शुरू हुआ जो सुबह तक जारी रहा। तकरीरी प्रोग्राम में भी हजारों की तादाद में लोग जुटे। लोगों की आवाजाही को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने भी इंतजाम कर रखे थे। इस साल भी कब्रिस्तान और इसके रास्ते में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा।



### शाम की नमाज में हुई खास इबादत



शबे बराअत पर शहर की तमाम मस्जिदों में शाम की नमाज (मगरिब) के बाद तीन मरतबा सूरए यासीन शरीफ सुनाया गया और 2-2 रकअत के साथ नफिल नमाज पढ़ी गई। इस दौरान आलिमे दीन ने शबे बराअत की अहमियत से लोगों को रूबरू कराया।

### माफी के तलबगार रहे लोग एक दूसरे से

शब-ए-बराअत के मौके पर लोग अपने गुनाहों से माफी मांगते रहे। सोशल मीडिया पर लोग एक दूसरे को संदेश भेज कर जानी-अनजानी गलतियों के लिए माफी मांगते रहे। अपने परिचितों और रिश्तेदारों के साथ हुई किसी भी गलती या परेशानी के लिए लोगों ने रूबरू मिल कर माफी की गुजारिश की और दुआओं में याद रखने की ख्वाहिश जताई। घरों में लोगों का वक्त ज्यादातर इबादत में गुजरा।

## लाइव इवेंट

### डिजिटल युग में रेडियो अब भी प्रासंगिक, पुराने दिनों को किया याद



**भिलाई।** अंतर्राष्ट्रीय रेडियो दिवस के अवसर पर गुरुवार को हैप्पी ग्रुप के सदस्यों द्वारा परिचर्चा का आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय रेडियो दिवस होने के अवसर पर नगर निगम भिलाई के नेहरू नगर भेलवा तालाब में हैप्पी ग्रुप के सदस्यों ने अंतर्राष्ट्रीय रेडियो दिवस मनाया। पुराने दिनों को याद करते हुए परिचर्चा के दौरान नगर निगम भिलाई के जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि रेडियो अभी भी प्रासंगिक है जब से प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम आ रहा है लोगों की रेडियो के प्रति रुझान और बढ़ गया है। डॉक्टर रवि कौरा ने कहा जब दूरदर्शन टीवी का कोई माध्यम नहीं था तब रेडियों पर क्रिकेट हॉकी की कंमेट्री सुनने के लिए लोग पान ठेलो पर खड़े हो जाते थे। एक तरफ पढ़ाई होती थी दूसरे तरफ कमेंट्री सुनते रहते थे। सुशील जोशी की आंखों देखा हाल सुन के लगता था कि हम लोग क्रिकेट के मैदान में बैठकर मैच देख रहे हैं। बीएसपी के रिटायर्ड अधिकारी हरदयाल सिंह ने बताया विविध भारती बरसाती भैया का कृषि का संदेश का समय सबको याद रहता था। प्रदीप डालमिया ने बताया एक ही जगह पर बैंड बदल दो तो दो-दो कार्यक्रम सुनने को मिलते थे एक अलग ही जुनून था। बसंत चौबे ने अनुभव साझा करते हुए बताया हमारे दादाजी खेत में रेडियो लेकर जाते थे वहीं पर समाचार सुनते थे वहीं से वे पूरे देश की खबर गांव वालों को बताते बहुत खुश होते थे। परिचर्चा के दौरान उद्योगपति सुभाष गुलाटी, सुबोध अग्रवाल, भारत विकास परिषद के सचिव जितेंद्र सिंह, डॉक्टर ललित पोपट, संजय भाटिया, तुलसी भमवानी, विवेक चतुर्वेदी, नरेश गुप्ता, सौरभ भारद्वाज, रमेश साहू, शैलेंद्र परिहार, राजकुमार भल्ला, एम राजू, एमपी सिंह आदि मौजूद थे।

- अंतर्राष्ट्रीय रेडियो दिवस परिचर्चा आयोजित की हैप्पी ग्रुप

## 15 महिलाएं हुईं सम्मानित

# छुआ-छूत व भेद भाव जैसी कुरीतियों को हटाने महिलाओं ने लिया संकल्प




**भिलाई।** इस साल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष हैं। संघ के सभी अनुसांगिक संघठन व गतिविधियों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा हैं। इसी कड़ी में सेक्टर 4 में सामाजिक समरसता विभाग जिला दुर्ग द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया था। संघ अपने प्रारंभ काल से ये मानता रहा हैं की जातिगत भेद, छोटा बड़ा यह भाव उचित नहीं हैं जिसके लिए संघ द्वारा निरंतर कार्य किये जा रहे हैं, सामाजिक समरसता विभाग मूल रूप से इसी कार्य को करता है। जिससे भारत में जातिगत भेद समाप्त होकर सफलता भी प्राप्त हो रही है। इस कड़ी में श्याम प्रसाद अखिल भारतीय संयोजक व विश्वनाथ बोगी प्रांत संयोजक के दो दिवसीय दुर्ग मे प्रवास के दौरान वे अलग अलग समूह और परिवारों से संपर्क करने के साथ ही मातृशक्ति समरसता संगम के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। यह कार्यक्रम क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाली महिलाओं के साथ किया गया था। विश्वनाथ बोगी ने प्रस्तावना रख कार्यख्रम की जानकारी दी। उसके बाद चर्चात्मक समारोह में श्याम प्रसाद ने उपस्थित महिलाओं के प्रश्नों का जवाब दिया। अंत में उन्होंने कहा की देश से छुआ छूत, भेद भाव को हटाने में महिलाओं की भागीदारी सार्थक परिणाम दे सकती है। जिस पर सभी ने छुआ छूत व भेद भाव को हटाने के लिए मिलकर समाज से इस बीमारी को दूर करने का संकल्पलिया। कार्यक्रम में विशिष्ट कार्यों के लिये 15 महिलाओं का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन नीता चौरसिया व आभार शिरीष अग्रवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यवाहक सुनील पटेल, ज्योति पुरंग सहित अन्य सामाजिक जन उपस्थित थे।

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर हो रहे आयोजन**



### दया के आमंत्रण को स्वीकारा

# राज्यपाल रमेन डेका ने बाबा की बारात में आने दी सहमति



**भिलाई।** महाशिवरात्रि के अवसर पर हर वर्ष निकलने वाली बाबा की बारात में इस बार नई ऊर्जा व उत्साह के साथ निकलेगी। जिसके लिए देश प्रदेश के गणमान्य जनों को आमंत्रण पत्र दिया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति के अध्यक्ष दया सिंह बाबा की बारात का आमंत्रण कार्ड राज्यपाल रमेन डेका को देने राजभवन रायपुर पहुंचे। जहां उन्होंने कई सालों से लगातार होने वाले इस आयोजन की यात्रा देखने आने की बातें कही। दया सिंह ने राज्यपाल को 17वें साल के आयोजन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि

इस बार इस भव्य आयोजन में झांकियों में प्रमुख छत्तीसगढ़ का पारंपरिक लोक नृत्य, संबलपुर व अघोर शमशान महाकाल सहित अन्य प्रदेशों की झांकियों की प्रतियोगिता सभी के आकर्षण का केंद्र रहेंगी। 26 फरवरी को हथखोज ट्रांसपोर्ट नगर से निकलेगी बाबा की बारात गाजे-बाजे और विभिन्न प्रदेश की झांकियों के साथ निकलेगी। जिसमें छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी शामिल होंगे। साथ ही छत्तीसगढ़ सरकार के सभी मंत्रियों को भी आमंत्रण दिया जा रहा है।

दया ने बताया कि इस बार प्रदेशभर के गणमान्य नागरिकों को 31000 आमंत्रण कार्ड देकर न्यौता दिया जा रहा है। बाबा की बारात में सभी लोगो को आमंत्रण देने बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति की महिलाएं कार्ड बांटने के लिए डोर-टू-डोर पहुंच रही हैं।

## एजुकेशन इवेंट

### अंतिम दिनों में न लें तनाव, इससे प्रभावित होता है परीक्षा में प्रदर्शन



**भिलाई।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई की ओर से कक्षा दसवीं एवं कक्षा बारहवीं के एग्जाम शुरु होने वाले है। ऐसे में स्टूडेंट्स को बेहतर प्रदर्शन का दबाव है। वहीं माशिम की परीक्षा भी मार्च से प्रारंभ हो जाएगी। कुछ शिक्षकों से हमने बात कि, तो उन्होंने बताया किस तरह से 10वीं और 12वीं के विद्यार्थी अंतिम समय की रणनीति तैयार कर सकते हैं। परीक्षाओं के इन अंतिम दिनों में आपको सही टाइम टेबल एवं रणनीति के अनुसार परीक्षा की तैयारी करनी होगी। इन अंतिम दिनों में आपको महत्वपूर्ण विभागों, प्रश्नों, टॉपिक्स को ज्यादा से ज्यादा कवर करना है। इसके साथ ही अंतिम दिनों में पुराने वर्षों के पेपर एवं मॉडल पेपर भी अवश्य हल करें। इससे आपको महत्वपूर्ण प्रश्नों की जानकारी के साथ ही टाइम मैनेजमेंट करने में भी आसानी होगी। आपने अब तक जितना भी सिलेबस कवर किया है, उसका रिवीजन अवश्य करते रहें। नया पढ़ने के साथ भी पुराने पढ़े हुए का रिवीजन आवश्यक है, जिससे आप बेस ज्यादा मजबूत होता और आप परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर पाएंगे। परीक्षा के वक्त शांत रहें और महत्वपूर्ण टॉपिक्स को ही कवर करें। अंतिम दिनों में अपने ऊपर पूर्ण रूप से विश्वास रखें। ज्यादा सोचने से आप मानसिक रूप से परेशान होंगे और इसका असर आपकी बाकी तैयारी पर भी दिखाई देगा।

### गर्ल्स कॉलेज में किया गया वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

# साहित्यिक, सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में प्रतिभावान और खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने खिलाड़ी सम्मानित

कार्नर न्यूज

**भिलाई। भिलाई।** शासकीय डॉ. वा वा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं उत्कृष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल मौजूद रहे। प्राचार्य डॉ रंजना ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक छात्राओं को खेलकूद में भाग लेना ही चाहिए। क्योंकि हम खेलने कूदने से हम खुश रहते है हमारे शरीर का संतुलित विकास होता है और मन पढ़ाई में लगता है। अच्छे ऐकेडमिक कॅरियर के लिये खेलकूद भी महत्वपूर्ण है।



### एकेडमिक व अन्य गतिविधियों के लिए दिया पदक

बीएससी अंतिम वर्ष भूमिका देवांगन, बीकॉम अंतिम एकता देशमुख, बीए अंतिम काव्यशिखा, बीएससी अंतिम युक्ति देशमुख, एमएससी अंतिम डॉली देशमुख, एमएससी अंतिम ऊषा और चांदनी पटेल, एमएससी अंतिम आकांक्षा चन्द्राकर, एमएससी एंतिम चन्द्रमुखी, एमएससी अंतिम युगलक्ष्मी, एमएससी अंतिम डॉली निषाद, एमए अंतिम तृप्ति, एमए अंतिम अमीषा देवांगन, एमए अंतिम फरहीन, एम ए अंतिम वंदना शर्मा, एम ए अंतिम पायल, एम ए अंतिम खिलेश्वरी ठाकुर, एम ए अंतिम अंजली टण्डन, एम कॉम अंतिम, दामिनी साहू, पीजीडीसीए अंतिम डालेश्वरी निषाद, पीजी डिप्लोमा इन योगा सोनिया साहू, संतोष शर्मा, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई चंचल यादव, यूथ रेडक्रॉस इकाई देविका देवांगन, क्रीड़ा पीजी डिप्लोमा इन योगा पूनम नायक, सांस्कृतिक प्रेक्षा यादव, ग्रीन आर्मी अर्थषास्त्र आमनी साहू, एक्वा क्लब रसायनशास्त्र रूद्राणी को महाविद्यालय द्वारा आयोजित साहित्यिक, सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का भी पुरस्कार विस्तृत किया गया।

### विभिन्न खेलों के खिलाड़ी हुए पुरस्कृत

उच्च शिक्षा एवं विश्व विद्यालय द्वारा अंतर महाविद्यालयीन बॉलीबॉल, फुटबॉल, बॉस्केटबॉल, क्रिकेट, कुष्ती, बॉक्सिंग, एथलेटिक्स, तैराकी प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले टीमों को महाविद्यालय द्वारा सम्मानित किया गया। महाविद्यालय की ओर से विभिन्न खेलों में विश्वविद्यालयीन टीम का हिस्सा बनने के लिये शैल यादव टेबल टेनिस, जन्नत अली, डी. कीर्ति, रितिका निषाद, डी. अनुषा, अर्चना निषाद, डी.अश्विनी, ज्योति प्रजापति बॉस्केटबॉल, प्रिया शिखा, राखी सिंह, अनुष्का निषाद, दीप्ति राठौर बॉलीबॉल, भूमिका धनकर, सुमन गर्ग, हर्षा गोडे, मिनाक्षी उमरे, जान्हवी यादव, राजेश्वरी सिन्हा, सृष्टि गुप्ता, निशा हॉकी खिलाड़ी, हिना निर्मलकर, रेणु यादव, योगेश्वरी, उर्मिला निर्मलकर, निशा भोई, विकासिनी कौशिक फुटबॉल, धनु ओझा, डिलेश्वरी ओझा, भूमिका ओझा तैराकी, सुष्मिता नायक, खुशबू टांडी बॉक्सिंग, सत्यभामा एथलेटिक्स, जया सोरी कुश्ती, शारदा खो-खो, ए अर्चना हैण्डबॉल के लिए पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अमिता सहगल, डॉ. अनिल जैन एवं क्रीड़ा समिति के संयोजक डॉ. सुषमा यादव उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मिलिन्द अमृतफले, विभागाध्यक्ष संगीत, क्रीड़ा पुरस्कार का संचालन डॉ. ऋतु दुबे, क्रीड़ाधिकारी और आभार प्रदर्शन डॉ. अनुजा चौहान छात्रसंघ प्रभारी ने किया। इस अवसर महाविद्यालय के प्राध्यापक सहित काफी संख्या में छात्राएं उपस्थित थे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### प्लेट ग्रुप क्रिकेट में रायगढ़ और नारायणपुर पीछे, रायपुर आगे



रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर प्लेट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट मल्टी डे टुर्नामेंट 2024-25 का आयोजन 09 फरवरी से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की विभिन्न 14 टीमें भाग ले रही है। प्रतियोगिता में (13-15 फरवरी) को 3 मैच खेले गये। ग्रुप ए का दूसरा तीन दिवसीय मैच जशपुर एवं रायगढ के मध्य कल्याण कॉलेज मैदान, भिलाई में खेला गया। जशपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।

जशपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 76.3 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर केवल 211 रन बनाये। जशपुर की ओर से प्रभात आनंद ने 124 रनों का योगदान दिया। वहीं रायगढ की ओर से सचिन चौहान ने 4 विकेट, सक्षम चौबे तथा अमित कुंवर ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। रायगढ ने अपनी पहली पारी में 14.3 ओवरों में 2 विकेट के नुकसान पर 35 रन बना लिये हैं। पहले दिन की समाप्ति तक रायगढ 176 रनों से पीछे है।

ग्रुप सी का तीसरा तीन दिवसीय मैच रायपुर ब्लू एवं कवर्धा के मध्य सेक्टर 10 मैदान, भिलाई में खेला गया। रायपुर ब्लू ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। कवर्धा ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 26.3 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 70 रन बनाये। कवर्धा की ओर से पुष्पेन्द्र ने सर्वाधिक 23 रन तथा राहुल कुमार सिंह ने 17 रन बनाये। वहीं रायपुर ब्लू की ओर से पवनदिप सिंह एवं गौरव चतुर्वेदी ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन की समाप्ति तक रायपुर ब्लू ने अपनी पहली पारी 61 ओवरों में 3 विकेट के नुकसान पर 283 रन बना लिये है। रायपुर ब्लू की ओर से ऋषि शर्मा ने 117 रन तथा अवनीश सिंह धालीवाल ने 110 रनों का योगदान दिया। पहले दिन की समाप्ति तक रायपुर ब्लु 213 रनों से आगे है। ग्रुप सी का चौथा तीन दिवसीय मैच कोरिया एवं नारायणपुर के मध्य आर डी सी ए मैदान, रायपुर में खेला गया। कोरीया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।

कोरिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 75.3 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 313 रन बनाये। कोरीया की ओर से सुमीत सिंह ने सर्वाधिक 74 रन तथा आकाश शर्मा ने 54 रन बनाये। वहीं नारायणपुर की ओर से अल्तमश, शाश्वत, राहुल तथा गौरी शंकर ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन की समाप्ति तक नारायणपुर ने अपनी पहली पारी में 19 ओवरों में 2 विकेट के नुकसान पर 55 रन बना लिये हैं। पहले दिन की समाप्ति तक नारायणपुर 258 रनों से पीछे है।

### लीजेंड 90 लीग में दिल्ली रॉयल्स की एक और जीत




रायपुर। दिल्ली रॉयल्स ने लीजेंड 90 लीग के 14वें मुकाबले में दुबई जायंट्स को छह विकेट से हराकर अपनी तीसरी जीत दर्ज की। शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में बिपुल शर्मा ने लीग में पहली बार पांच विकेट लेने का कारनामा कर दिखाया। उनकी घातक गेंदबाजी के चलते दुबई जायंट्स की टीम निर्धारित 15 ओवरों में 9 विकेट खोकर मात्र 97 रन ही बना सकी, जिसे बड़ी आसानी से दिल्ली ने 9 ओवर में ही हासिल कर लिया।

टीम के नियमित कप्तान शिखर धवन की गैरमौजूदगी में आज टीम की कमान बिपुल शर्मा ने संभाली और धारदार गेंदबाजी करते हुए विरोधी खेमे को तहस-नहस कर दिया। उन्होंने 4 ओवरों में 21 रन देकर 5 विकेट चटकाए और दुबई जाइंट्स की बल्लेबाजी की कमर तोड़ के रख दी। बिपुल के अलावा प्रवीण गुप्ता ने दो और परविंदर अवाना ने एक सफलता हासिल की। छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली रॉयल्स की टीम ने हमेशा की तरह तेज शुरुआत की। पुनीत बिष्ट ने 15 गेंदों में 32 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली तो एंजेलो परेरा ने 22 गेंदों में 39 रन बनाए, अंत में अनुरीत सिंह ने दो छक्के जड़कर दिल्ली की जीत पर मुहर लगा दी। जीत के बाद गेंदबाजी पर प्रतिक्रिया देते हुए प्लेयर ऑफ द मैच बिपुल शर्मा ने कहा कि, ₹पिछले चार मैचों से मैं शिखर धवन को कप्तानी करते देख रहा था और वही रणनीति अपनाने की कोशिश की। पिच अच्छी थी, इसलिए मैंने गेंद को हवा में फ्लाइट देने और विविधता लाने पर ध्यान दिया। मैं बल्लेबाजों को पढ़कर अपनी गेंदबाजी में बदलाव कर रहा था, जिसका फायदा भी मिला।₹

प्लेऑफ के बारे में प्रतिक्रिया देते हुए बिपुल शर्मा ने कहा कि, ₹हम ज्यादा आगे की नहीं सोचते, हमारा लक्ष्य है कि अपना स्वाभाविक खेल खेलें और एक-एक मैच पर ध्यान दें। अगर जरूरत पड़ी तो बाद में नेट रन रेट पर भी विचार करेंगे, लेकिन अभी हमारा फोकस सिर्फ अगले मैच पर है।₹ इस जीत के साथ दिल्ली रॉयल्स फिलहाल अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है।

## छत्तीसगढ़ की टीम ने अब तक कुल 5 स्वर्ण पदक, 4 रजत पदक एवं 11 कांस्य पदक जीते

# राष्ट्रीय खेलों मे छत्तीसगढ़ को तलवारबाजी और नेटबॉल में कांस्य, राज्य को मिले कुल 20 पदक

रायपुर। उत्तराखंड में चल रहे 38 वे राष्ट्रीय खेल में 17 वें और आखिरी दिन गुरुवार को छत्तीसगढ़ का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। तलवारबाजी (फेंसिंग) के फाइल महिला टीम इवेंट में कांस्य पदक एवं नेटबॉल मिक्स टीम इवेंट में कांस्य पदक प्राप्त हुआ। छत्तीसगढ़ ने 38 वें राष्ट्रीय खेल में अभी तक कुल 05 स्वर्ण पदक, 04 रजत पदक एवं 11 कांस्य पदक सहित कुल 20 पदक प्राप्त किए है।




छत्तीसगढ़ फेंसिंग महिला टीम का सफर आज कांस्य पदक के साथ समाप्त हुआ, आज एपी टीम एवं फॉयल टीम इवेंट के मुकाबले हुए जिसमें पहले खेल गए मुकाबले में पहले पांच राउंड के मुकाबले में छत्तीसगढ़ की महिला एपी टीम ने मणिपुर से बढ़त बनाई थी। एक समय में छत्तीसगढ़ की महिला टीम ने 7 अंकों की बढ़त बना रखी थी लेकिन 8 वे राउंड में परिस्थितियों में अंतर के कारण खिलाड़ी बढ़त कायम रखने में असफल रह गए और 45–36 से मुकाबला हारकर पदक खो बैठे।

फॉयल महिला टीम का मुकाबला क्वाटर फायनल में असम की टीम से हुआ जिसे आसानी से छत्तीसगढ़ की महिला टीम ने एकतरफा जीत दर्ज करते हुए 45–17 से सेमीफाइनल में प्रवेश किया जहां उसका मुकाबला हरियाणा की टीम से था। हरियाणा की टीम हर तरफ से मजबूत दिखाई दी। उसने प्रारंभ से ही छत्तीसगढ़ की टीम पर विजय बढ़त बनाई रखी हालांकि छत्तीसगढ़ की महिला तलवारबाजों ने अपना दावा मजबूत करने कोई कसर छोड़ नहीं रखी पर जीत का सफर तय नहीं कर पाएं। 9 वे राउंड में 28–45 से हारकर कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। कांस्य पदक विजेता खिलाड़ी फॉयल इवेंट में दिव्यांशु नेताम (भिलाई, जिला दुर्ग), दीपांशी नेताम (भिलाई, जिला दुर्ग), माया साहू (दुर्ग जिला) एवं भारती साहू (दुर्ग जिला) टीम कोच जॉनसन सोलोमन,मोहनीश वर्मा एवं टीम मैनेजर अखिलेश दुबे थे। देहरादून में आयोजित मिक्स पुरुष एवं महिला नेटबॉल इवेंट का कांस्य पदक के लिए छत्तीसगढ़ एवं तेलंगाना के मध्य मैच खेला गया जिसमें दोनों ही टीमों ने 31-31 अंक हासिल किया जिसके कारण छत्तीसगढ़ एवं तेलंगाना को संयुक्त रूप से कांस्य पदक प्रदान किया गया।

### नेटबॉल में संघर्षपूर्ण मुकाबला रहा छत्तीसगढ़ टीम का

छत्तीसगढ़ की मिक्स पुरुष एवं महिला नेटबॉल टीम गुरुवार सुबह खेले गए अंतिम लीग मैच में दिल्ली को 39-24 से पराजित कर लगातार तीनों लीग मैच जीतते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इसके पहले लीग मैच में छत्तीसगढ़ ने अपने प्रथम लीग मैच हरियाणा को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 33-32 अंकों से, दूसरे मैच पांडिचेरी को 34-27 अंकों से पराजित किया। छत्तीसगढ़ का सेमीफाइनल मुकाबला मेजबान टीम उत्तराखंड से था। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम को उत्तराखंड से 27-35 से हार का सामना करना पड़ा था। छत्तीसगढ़ मिक्स पुरुष एवं महिला टीम में सोनम शर्मा (दुर्ग), शिवांगी बाजपेयी (दुर्ग), मिशा सिंह (दुर्ग), खुशबू गुप्ता (सरगुजा), मंदाकिनी श्रीवास (जांजगीर-चांपा), पूजा (रायपुर), संदीप वर्मा (बलौदा बाजार भाटापारा), निहाल पांडेय (जांजगीर-चांपा), प्रशांत कहारा (जांजगीर-चांपा), अमन भोई (रायपुर), शैलेन्द्र कहरा (जांजगीर-चांपा), सौम्या संतवानी (बिलासपुर), टीम के प्रशिक्षक राजेश राठौर कोच (जांजगीर-चांपा) और मैनेजर पूनम निषाद (धमतरी) शामिल है।

### खिलाड़ियों को दी बधाइयां

38 वे राष्ट्रीय खेल में छत्तीसगढ़ तलवारबाजी महिला फाइल टीम एवं मिक्स पुरुष एवं महिला नेटबॉल टीम के कांस्य पदक प्राप्त खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ के प्रमुख लोगों ने शुभकामनाएं दी है। इनमें ओलंपिक संघ के अध्यक्ष मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, सांसद रायपुर जिला एवं छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल, सांसद दुर्ग जिला, उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन विजय बघेल, कैबिनेट मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन एवं उपाध्यक्ष केदार कश्यप, महासचिव डॉ. विक्रम सिंह सिसोदिया, छत्तीसगढ़ प्रदेश फेंसिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष एस. प्रकाश (आईएएस), महासचिव बशीर अहमद खान कार्यकारी अध्यक्ष सुनील रामदास अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत सिंह पटेल, छत्तीसगढ़ नेटबॉल संघ के अध्यक्ष - मीना केरकेट्टा, महासचिव - राजेश राठौर, छत्तीसगढ़ के शेफ-डी-मिशन सहीराम जाखड़, डिप्टी शेफ-डी-मिशन प्रशांत सिंह रघुवंशी, सहित छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारीगण, छत्तीसगढ़ प्रदेश फेंसिंग एसोसिएशन के पदाधिकारीगण, छत्तीसगढ़ नेटबॉल संघ के पदाधिकारीगण एवं राज्य खेल संघ के पदाधिकारियों ने अपनी शुभकामनाये दी है।



## आसान योगासन, जो टीनेजर्स की हाइट बढ़ाने में कर सकते हैं मदद

अपनी टीनेज में हर इंसान एक न एक बार हाइट बढ़ाने के लिए जरूर परेशान होता है। ऐसा इसलिए भी होता है क्योंकि, लंबे लोग हमें ज्यादा अपीलिंग लगते हैं। ये बात कई स्टडी में भी सही साबित हुई है। एक स्टडी के अनुसार, अच्छी हाइट / ऊंचाई न केवल शारीरिक लाभ प्रदान करती है बल्कि सकारात्मक दृष्टिकोण और हाई आईक्यू से भी इसका सीधा संबंध होता है। आपकी लंबाई आपके आनुवंशिक मेकअप, एक्सरसाइज, पोषण और पर्यावरण की स्थिति जैसे अन्य फैक्टर्स से भी निर्धारित होती है।

हाइट टीनेज के दौरान सबसे तेजी से बढ़ती है। आमतौर पर टीनेज के पूरा होने या 21 वर्ष की उम्र के बाद बंद हो जाती है। यदि आप अपनी टीनेज के दौरान हाइट में मीडियम या कम ग्रोथ का अनुभव कर रहे हैं और अपनी ऊंचाई बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं, तो आपने सही आर्टिकल को पढ़ना शुरू किया है।



आप योग का अभ्यास करके एक लंबा फ्रेम हासिल कर सकते हैं। योग का अभ्यास करने से आपको आराम मिलेगा और आपको भावनात्मक और मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। कुछ आसान योग आसन का नियमित अभ्यास आपके शरीर को खिंचाव देंगा और लचीलापन बढ़ाने में मदद कर सकता है।

ये आसन रीढ़ की हड्डी को सीधा और पुनः अलाइन करने में मदद करते हैं, जिसकी वजह से हाइट में भी बढ़ोतरी हो सकती है। तो आइए जानते हैं हाइट बढ़ाने वाले ऐसे ही कुछ योग आसनों के बारे में। यहां आपको हाइट बढ़ाने में मदद करने वाले आसान योगासनों के बारे में जानकारी देंगे। इन योगासनों के नियमित अभ्यास से आप भी न सिर्फ हाइट बढ़ाने बल्कि अपने लुक्स को भी बेहतर बना सकते हैं।

### योग और हाइट का बढ़ना



योग करने से आपके कंकाल या हड्डियों की ऊंचाई (नहीं बढ़ेगी, जो कि अधिकांश सिर्फ 20 साल की उम्र तक बढ़ती है, इसके बाद तो बिल्कुल नहीं बढ़ेगी।

आनुवंशिकी, लाइफस्टाइल फैक्टर्स और पोषण आपकी हाइट निर्धारित करते हैं। यहां तक कि अगर आप अपनी रीढ़ में डिस्क के कंप्रेशन को कम करके अपनी ऊंचाई को थोड़ा बढ़ाने की कोशिश करते हैं, तो भी ज्यादा परिवर्तन नहीं होगा। हालांकि, आपकी रोजमर्रा की एक्टिविटीज के आधार पर नतीजे अलग हो सकते हैं। जैसे,

### योग से पोश्चर अच्छा होता है

हालांकि, योग ताकतवर मांसपेशियों का निर्माण कर सकता है, जो अच्छी पोश्चर को सपोर्ट कर सकता है। अपनी रीढ़ को लंबा करने और अपनी मुद्रा सुधारने के बाद आप पहले से लंबे दिखाई दे सकते हैं। आप कुछ ही समय में अंतर को महसूस कर सकते हैं अधिक सीधी स्थिति बनाए रखने से आपका शरीर कुछ इंच ऊपर उठ सकता है। आप विशेष रूप से अपने ऊपरी शरीर में इस विस्तार को महसूस कर सकते हैं, हालांकि आपका निचला शरीर अभी भी एक भूमिका निभाता है। योग का अभ्यास ब्रीदिंग में जागरूकता पैदा करने में मदद करता है। जैसा कि आप पूरे दिन अपनी सांस पर ध्यान केंद्रित करना सीखते हैं।

## अगर आप भी देते हैं सूर्य को नियमित अर्घ्य तो जरूर जानें इसका सही नियम

सूर्य को अर्घ्य देने से आपको कई तरह के लाभ तो हो ही सकते हैं और मानसिक शांति भी बनी रहती है। अगर आप भी सूर्य को जल अर्पित करते हैं तो आपको इसके नियमों के बारे में जरूर जान लेना चाहिए।

जब भी आप सूर्य को जल अर्पित करें, इस बात का ध्यान रखें कि आपका सिर झुका हुआ होना चाहिए और आप सीधे सूर्य की ओर न देखें। यह शास्त्रों में इसलिए कहा गया है क्योंकि सूर्य की सीधी किरणें आंखों पर बुरा प्रभाव डाल सकती हैं। जब आप सिर झुका कर सूर्य को जल चढ़ाते हैं, तो यह न केवल आपके स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है, बल्कि यह आपके मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन को भी बनाए रखता है। इस प्रकार सूर्य को जल अर्पित करना सूर्य देव को सम्मान देने का एक तरीका माना जाता है।

### दाहिने पैर की एड़ी को हवा में रखना है जरूरी

सूर्य को जल अर्पित करते समय दाहिने पैर की एड़ी को हवा में रखना बेहद महत्वपूर्ण है। शास्त्रों के अनुसार, ऐसा करने से सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है और यह आपके जीवन में खुशहाली लेकर आता है। यह नियम सूर्य पूजा को आध्यात्मिक दृष्टि से और भी प्रभावी बनाता है। जब भी सूर्य को जल अर्पित करें ध्यान में इस बात को रखें कि आपका दाहिना पैर जमीन को न छुएं।



### सूर्य को जल देते समय तांबे के लोटे का करें इस्तेमाल

सूर्य को जल अर्पित करते समय तांबे के लोटे का उपयोग करना चाहिए। शास्त्रों में तांबे को पवित्र धातु माना गया है और इसका उपयोग पूजा के दौरान सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ाने में मदद करता है। तांबे के लोटे से अर्पित किया गया जल न केवल पूजा को पूर्णता प्रदान करता है, बल्कि यह आपकी मनोकामनाओं की पूर्ति में भी सहायक होता है।

### गायत्री मंत्र या 'ओम सूर्याय नमः' मंत्र का जाप करें

जब आप सूर्य को जल अर्पित करते हैं, तो गायत्री मंत्र का जाप करना शुभ फल देता है। सूर्य को जल देते समय कम से कम 10 बार गायत्री मंत्र या 'ओम सूर्याय नमः' मंत्र का उच्चारण जरूर करें। ऐसा करने से सूर्य देव की कृपा प्राप्त होती है ।

## किचन काउंटर से आ रही है बदबू तो ऐसे करें साफ



खाना बनाते वक्त कई बार काउंटर से जरूरत से ज्यादा बदबू आने लगती है। कई बार धोने के बाद भी नहीं जाती, अगर आपके साथ भी यही परेशानी आ रही है तो हमारे बताए गए टिप्स यकीनन मददगार साबित हो सकते हैं।

किचन काउंटर पर खाना बनाने के दौरान कई चीजों का इस्तेमाल होता है, जिससे खाने की गंध, तेल, मसाले और नमी जम जाती है। अगर इसे समय पर साफ नहीं किया जाए, तो बदबू आने लगती है।

जब खाना बनाते समय तेल, हल्दी, मिर्च या मसाले किचन काउंटर पर गिरते हैं, तो ये धीरे-धीरे वहां चिपक जाते हैं। अगर आप इसे वक्त पर साफ नहीं करेंगे, तो आपको परेशानी हो सकती है।

### खट्टे फल के छिलके आएंगे काम

अगर आपके किचन काउंटर से खाने की बदबू आ रही है, तो नींबू, संतरा और मौसमी जैसे खट्टे फलों के छिलके इसमें बहुत मददगार हो सकते हैं। ये नेचुरल तरीके से बदबू हटाते हैं और किचन में ताजगी बनाए रखते हैं।

### कैसे करें?

आप किसी भी खट्टे फल के छिलके उतारकर रख लें। अब एक पैन में पानी लें और उसमें संतरे या नींबू के छिलके डालकर उबालें। इससे उठने वाली भाप किचन में फैलकर बदबू को खत्म कर देती है। फिर सूखे संतरे या नींबू के छिलकों को गैस पर हल्का जलाएं। इससे एक नेचुरल साइट्रस खुशबू आएगी, जो किसी भी तरह की गंध को खत्म कर देगी। फिर नींबू या संतरे के छिलकों को किचन काउंटर पर रगड़ें। यह तेल, मसाले और जली हुई गंध को दूर करने में मदद करता है। फिर संतरे या नींबू के सूखे छिलकों को एक कटोरी में रखें। अगर आपके किचन काउंटर से खाने की गहरी बदबू आ रही है, तो बर्फ और डिशवॉश लिक्विड का आसान और असरदार तरीका अपनाएं। यह न केवल बदबू हटाने में मदद करता है।

कार्नर न्यूज

## युवा वर्ग में तेजी से बढ़ रहा सिमर डेटिंग का चलन

# जेन जेड के बीच पॉपुलर है सिमर डेटिंग इसके फायदे-नुकसान आप भी जानिए

जब दो लोग एक रिश्ते में आते हैं और एक दूसरे को डेट करना शुरू करते हैं, तो वह पूरी कोशिश करते हैं कि उनका रिश्ता सफल हो। रिलेशनशिप में आते ही लोग अपने पार्टनर के साथ रिश्ते को गहरा बनाए रखने के प्रयास में लगे रहते हैं। वह अपने पार्टनर को इम्प्रेस करना चाहते हैं। उनकी पसंद ना पसंद का ख्याल रखते हैं। हालांकि, अब इस मामले पर पिछले तीन दशक में जन्म लेने वाली पीढ़ी जेनरेशन जेड यानी कि जेन जी काफी संभलकर चल रही हैं और किसी भी व्यक्ति के साथ रिलेशनशिप में आने के लिए फूंक-फूंक कर कदम रख रही हैं। ऐसे में इस जेनरेशन के लोग सिमर डेटिंग को अपना रहे हैं। यह ट्रेंड अब मेट्रो सिटीज में भी काफी लोकप्रिय हो गई है। हालांकि, अभी भी कई लोग नहीं जानते हैं कि इस डेटिंग का क्या मतलब है और इसमें क्या होता है। तो आइए जानते हैं।



### सिमर डेटिंग क्यों हो रही है ट्रेंड?

सिमर डेटिंग आज कल काफी ट्रेंड में है। आज की जनरेशन का मानना है कि यह एक-दूसरे को जानने का काफी सेफ तरीका भी है। इसमें लोग एक-दूसरे को धीरे-धीरे समय देते हैं और एक-दूसरे के बारे में ज्यादा जान पाते हैं। इससे उनका इमोशनल बॉन्ड भी काफी बेहतर बनता है।

### सिमर डेटिंग के क्या है फायदे?

इससे हम एक-दूसरे को बेहतर तरीके से जान पाते हैं। इससे रिश्ता टूटने के बाद भी अकेलापन नहीं होता है महसूस। इसे डेटिंग से इमोशनल बॉन्ड भी काफी मजबूत बनता है।

### सिमर डेटिंग का क्या है नुकसान?

कई बार इस प्रोसेस में बीच में ही रिश्ते टूट जाते हैं क्योंकि सब काफी धीरे होता है। एक-दूसरे के साथ ज्यादा समय रहने पर एक-दूसरे की कमियां भी ज्यादा दिखती हैं और फिर रिश्ता टूट जाता है। कई बार एक-दूसरे के साथ समय बिताने के लिए ज्यादा कोशिश करनी पड़ती है।

### क्या होती है सिमर डेटिंग?

आज के युवाओं में सिमर डेटिंग को लेकर काफी ज्यादा क्रेज है। उन लोगों का कहना है कि किसी के साथ तुरंत रिलेशनशिप में आ जाने से आपको शुरू में तो अच्छा फील होता है, लेकिन जब आप उनके जानने लगते हैं तो फिर यह ज्यादा दिनों तक नहीं चल पाता है। ऐसे में फिर आप इस रिश्ते से बाहर निकलने की कोशिश करते हैं। इन सिचुएशन से बाहर निकलने के लिए सिमर डेटिंग बेस्ट हैं। इसमें आप आराम से डेटिंग कर सकते हैं। सामने वाले को आराम से समझ सकते हैं और अपना समय भी ले सकते हैं। इससे रिश्तों में बड़े बदलाव हो सकते हैं।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## ऑस्कर में प्रेजेंटर बनने स्कॉर्लेट क्रूज और हैली समेत कई बड़े नाम



अगले महीने होने वाले ऑस्कर अवॉर्ड समारोह में कई मशहूर हॉलीवुड सेलेब्स प्रेजेंटर (प्रस्तुतकर्ता) के तौर पर शामिल होंगे। इस फेहरिस्त में स्कॉर्लेट जॉनसन, पेनेलोपे क्रूज, हैली बेरी, एली फैनिंग, व्हूपी गोल्डबर्ग, जॉन लिथगो, एमी पोहलर, जून सक्विब और बोउन यांग जैसे कलाकारों के नाम शामिल हैं।


ये सभी कलाकार पिछले साल के ऑस्कर अवॉर्ड विजेता रहे किलियन मर्फी, रॉबर्ट डाउने जूनियर, एम्मा स्टोन और डे'वाइन जॉय रैंडोल्फ का स्टेज पर साथ देंगे। इन चारों के नाम पहले ही ऑस्कर प्रेजेंटर के तौर पर अनाउंस हो चुके थे।

इस साल ऑस्कर में टिमोथी चेलमेट को फिल्म 'ए कंप्लीज अननोन' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता श्रेणी में नॉमिनेट किया गया है। यहां उनका मुकाबला फिल्म 'ब्रूटलिस्ट' फेम एड्रियन ब्रॉडी से होगा। एड्रियन इससे पहले साल 2003 में फिल्म 'द पियानिस्ट' के लिए 29 साल की उम्र में ऑस्कर से नवाजा गया था। तब वो सबसे कम उम्र में बेस्ट एक्टर कैटेगरी में ऑस्कर जीतने वाले अभिनेता बने थे।

इसके अलावा इस साल ऑस्कर में बेस्ट एक्टर कैटेगरी में कोलमैन डोमिंगो (सिंग सिंग), राल्फ फ़िएन्नेस (कंक्लेव) और सेबेस्टियन स्टेन (द अप्रेंटिस) जैसे अभिनेताओं के नाम भी शामिल हैं। भारतीय समयानुसार ऑस्कर अवॉर्ड इस साल 3 मार्च 2025 को सुबह 5:30 बजे से 8:30 बजे तक प्रसारित होगा। कार्यक्रम एबीसी पर लाइव आएगा और हुलू पर स्ट्रीम होगा। इस साल कोनन ओ'ब्रायन इस बार कार्यक्रम को होस्ट करेंगे। पिछले साल ऑस्कर में एम्मा स्टोन ने फिल्म 'पुअर थिंग्स' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का ऑस्कर अपने नाम किया था। वहीं किलियन मर्फी ने 'ओपेनहाइमर' में अदाकारी के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का ऑस्कर अवॉर्ड जीता था।

### टॉलीवुड

## सामने आया विजय की अगली फिल्म का नाम, एक्शन और स्टंट करते नजर आए एक्टर



विजय देवरकोंडा की फिल्म, जिसे अस्थाई रूप से 'वीडी 12' कहा जा रहा था, उसके टाइटल का खुलासा हो गया है। फिल्म का टीजर 12 फरवरी को रिलीज हुआ है। इसी में फिल्म के टाइटल से परदा उठा है। और फिल्म का नाम है, 'किंगडम'। यह फिल्म इसी साल मई में रिलीज होगी। आज जारी हुए टीजर में विजय देवरकोंडा एक्शन का दम दिखाते नजर आए हैं। टीजर करीब एक मिनट 55 सकेंड का है। जैसा की इसका नाम है 'किंगडम', फिल्म की कहानी भी वैसी है। टीजर सितारा एंटरटेनमेंट के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। फिल्म का निर्देशन गौतम तिन्नानुरी ने किया है।

टीजर में विजय देवरकोंडा जेल में कैद नजर आए हैं। यह फिल्म 30 मई 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। विजय देवरकोंडा ने भी पोस्ट साझा कर फिल्म के टाइटल का जिक्र फैंस से किया है। उन्होंने लिखा है, 'फिल्म का नाम 'किंगडम' है। सवाल, गलतियां, रक्तपात और नियति...।

टीजर पर यूजर्स की प्रतिक्रिया आ रही हैं। टीजर हिंदी भाषा में भी जारी हुआ है। बता दें कि फिल्म के हिंदी वर्जन में रणबीर कपूर आवाज दे रहे हैं। यूजर्स को उनका अंदाज पसंद आ रहा है। इस फिल्म को हिंदी के साथ तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। सिनेमाघरों के बाद यह ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

### भोजपुरी

## खेसारी का नया होली सॉन्ग रिलीज चंद घंटों में बटोर लिए लाखों व्यूज



भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव का नया गाना आया है। यह दरअसल, होली स्पेशल सॉन्ग है। खेसारी के गानों को लेकर यूं भी फैंस के बीच जबर्दस्त क्रेज देखने को मिलता है, उस पर भी यह गाना तो खास है। लिहाजा, रिलीज होने के चंद घंटों में ही इसे लाखों व्यूज मिल गए हैं। आज बुधवार को रिलीज हुए गाने का टाइटल है 'के होली बा'।

खेसाली लाल यादव का यह गाना पम्मी रिकॉर्ड्स यूट्यूब चैनल पर जारी हुआ है। गाने को खेसारी लाल और खुशी कक्कड़ ने गाया है। सुनने में तो यह गाना दमदार है ही, इस पर खेसारी ने डांस भी किया है। रिलीज के महज चार घंटे में इस गाने को करीब पौने तीन लाख व्यूज मिल चुके हैं। गाने में रोमांस है, ड्रामा है और डांस का तड़का है तो होली वाला मजेदार अंदाज भी। कुल मिलाकर गाने पर यूजर्स की दिलचस्प प्रतिक्रिया आ रही है। एक यूजर ने लिखा, 'खेसारी ने हमारी होली स्पेशल बनाने का इंतजाम कर दिया'। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'होली स्पेशल हिट गाना'। एक यूजर ने लिखा, 'यह गाना ट्रेंडिंग में आकर रहेगा'।

खेसारी लाल यादव अपने गानों को लेकर लगातार चर्चा में बने रहते हैं। हाल ही में उनकी एक नई फिल्म का एलान हुआ है। इसका नाम है 'रिश्ते'। फिल्म का पोस्टर जारी हो चुका है। यह फिल्म 14 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसमें खेसारी के अलावा रति पांडे, समर्थ चतुर्वेदी, विनोद मिश्रा, संजीव मिश्रा और युगांत पांडे नजर आएंगे। इसके अलावा एक्टर की फिल्म 'डंस' का भी दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है।

लाइफ स्टाइल




> 2025 में चमकीले रंग, बोल्ड पैटर्न और शानदार रंग संयोजन ट्रेंड में आ गया है। डिजाइनरों की यह प्रवृत्ति लोगों को अनूठी शैली के विकल्पों के साथ प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। रंगों की यह धमक 70 और 80 के दशक से प्रेरित है।

## लहंगे के साथ इस तरह के मिनी पर्स करें कैरी, दिखेंगी स्टाइलिश

लहंगे के साथ किस तरह क पर्स को कैरी करना चाहिए। इस बात को जानने के लिए फैशन ट्रेंड को समझना जरूरी होता है।शादी के लिए जब हम बाजार से लहंगा लेते हैं तो उसके साथ की मैचिंग सभी एक्सेसरीज लेते हैं लेकिन मैचिंग पर्स लेना भूल जाते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि लहंगे के साथ कौन-सा मैचिंग पर्स लें। इस तरह के लुक के साथ कौन-से रंग का पर्स मैच करेगा, इस बात को लेकर हम कन्फ्यूज्ड रहते हैं लेकिन इस आर्टिकल के जरिए हम कुछ ऐसे मिनी पर्स के बारे में बताने जा रहे हैं जिन्हें आप अपने लहंगे के साथ कैरी कर सकते हैं।



### गोल्डन मिनी पर्स

अगर आपके लहंगे में गोल्डन वर्क किया गया है तो आप लहंगे के साथ गोल्डन कलर का पर्स ले सकते हैं। गोल्डन कलर रॉयल लुक देने में सहायता करता है और ज़्यादातर आउटफिट के साथ ये मिनी पर्स काफी अच्छे लगते हैं। गोल्डन रंग के मिनी पर्स के डिज़ाइन में आपको मार्केट में आराम से मिल जाएंगे साथ ही ऑनलाइन प्लेटफार्म से भी आप ये पर्स ले सकते हैं। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगह आप इस तरह पर्स को सस्ते दाम में खरीद सकते हैं और लहंगे के साथ इन पर्स को कैरी कर सकते हैं।

### ऑफ व्हाइट पर्स

लहंगे के साथ आप ऑफ व्हाइट कलर का पर्स भी कैरी कर सकती हैं। ऑफ व्हाइट कलर के काफी काफी सिंपल हैं और ये हर तरह के ऑउटफिट के साथ मैच करेगा। वहीं अगर आप लाइट रंग का आउटफिट कैरी कर रहे हैं तब भी आप इस तरह का पर्स अपने लहंगे के साथ कैरी कर सकती हैं। आप इसमें पर्ल वर्क वाले डिजाइंस को भी चुन सकते हैं। पर्ल वर्क में आपको हैवी से लेकर लेस डिजाइन में काफी डिजाइंस देखने को मिल जाएंगे। वहीं इन दिनों पिंक कलर के लहंगे भी ट्रेंड में हैं और अगर आप इस कलर का आउटफिट पहन रही हैं तो तो आप पिंक कलर में मल्टी स्टोन्स वाले मिनी पर्स भी आप अपने लहंगे के साथ कैरी कर सकते हैं।

## ऑफिस में बेल बॉटम जींस के साथ वियर करें कुर्ती, लोग तारीफ करते नहीं थकेंगे







जींस के साथ इस बार टॉप नहीं कुर्ती को स्टाइल करें। इसमें आप खूबसूरत भी नजर आएगी।जींस पहनना आप पसंद करती हैं तो इसके साथ इस बार टॉप की जगह कुर्ती को वियर करें। कुर्ती में काफी सारे ऑप्शन आपको मिल जाएंगे। जिसे आप ऑफिस या किसी खास दिन में वियर कर सकती हैं। इसमें आपका लुक भी अच्छा आएगा। साथ ही आप कम्फर्टेबल नजर आएगी। बस आपको डिजाइन और पैटर्न का ध्यान रखना पड़ेगा ताकि जब आप इसे वियर करें तो किसी तरह की कोई परेशानी न हो। चलिए आपको बताते हैं किस तरह की कुर्ती को आप वियर कर सकती हैं।

### फ्रंट कट स्टाइल कुर्ती

अगर आपको स्टाइलिश लुक क्रिएट करना है तो इसके लिए आप बेल बॉटम पैंट के साथ फ्रंट कट कुर्ती को स्टाइल कर सकती हैं। इसे आप कॉलेज, ऑफिस या रेगुलर दिनों में भी स्टाइल कर सकती हैं। इसके लिए आप प्रिंटेड कुर्ती वियर करेंगी तो ज्यादा अच्छी लगेंगी। साथ ही अगर आपके जींस का कलर लाइट है तो आप डार्क कलर कुर्ती को वियर कर सकती हैं। इससे आपका लुक अच्छा लगेगा। मार्केट में इस तरह की कुर्ती आपको 500 रुपये में मिल जाएगी।

### पेप्लम स्टाइल कुर्ती

कुर्ती में काफी सारे नए-नए ऑप्शन मिल जाएंगे। आप इस बार बैल बॉटम जींस के साथ पेप्लम स्टाइल कुर्ती को वियर करें। इसके लिए आप चिकनकारी वर्क वाली कुर्ती को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह का पैटर्न ट्रेंड में भी है और पहनने के बाद अच्छी लगती है। इसे आप किसी भी कलर में खरीदकर ब्लू कलर बैल बॉटम जींस के साथ स्टाइल कर सकती हैं। मार्केट में इस तरह की कुर्ती आपको 250 से 500 रुपये में मिल जाती है।

### प्रिंटेड स्ट्रेट कुर्ती

आप बैल बॉटम जींस के साथ आप प्रिंटेड स्ट्रेट कुर्ती को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें बड़े प्रिंट भी मिलते हैं। साथ ही इसमें छोटे प्रिंट में भी कुर्ती मिलती है। जिसे आप वियर कर सकती हैं। इसमें लुक एकदम कैजुअल लगता है।

## स्किन टाइप के अनुसार खरीदें बेस्ट आफ्टरशेव लोशन



शेविंग के बाद कई लोगों को जलन की शिकायत होती है। ये समस्या आफ्टर शेव लोशन लगाने के बाद बढ़ जाती है। शेविंग के बाद जलन होना आम है। लेकिन आफ्टर शेव लगाने के बाद जलन की कई वजहें हो सकती हैं। ऐसा स्किन टाइप के हिसाब से प्रोडक्ट का इस्तेमाल न करने से भी हो सकता है।

किसी भी अच्छी मेंस शेविंग किट में आफ्टर शेव लोशन का होना बहुत जरूरी है। क्योंकि, शेविंग के बाद स्किन को फाइनल टच देने का काम अच्छे आफ्टर शेव के बिना करना मुश्किल है। ये फाइनल टच स्किन के लिए किसी असरदार दवा जैसा ही काम करता है। आफ्टर शेव न सिर्फ हमें एक्ने / पिंपल बल्कि इनग्रोन बाल और असमान स्किन टोन से भी राहत देता है।

कई पुरुष आफ्टर शेव से होने वाली सनसनाहट से बचने के लिए आफ्टर शेव का प्रयोग नहीं करना चाहते हैं। जबकि ये शेविंग की पूरी प्रक्रिया का सबसे अहम हिस्सा है। मेरी आपको यही सलाह है कि शेविंग के बाद हमेशा आफ्टर शेव का इस्तेमाल करें।

आफ्टर शेव किसी एंटीसेप्टिक की तरह काम करता है और ये रेजर से कट लगने के कारण होने वाले किसी भी इंफेक्शन से भी बचाने में मदद करता है। लेकिन आफ्टर शेव लोशन वही इस्तेमाल करें जो आपकी स्किन टाइप को सूट करता हो। वैसे तो मार्केट में ढेरों किस्म के आफ्टर शेव लोशन और बाम उपलब्ध हैं। लेकिन कंफ्यूजन हमेशा इसी बात पर होता है कि हमारे लिए बेस्ट कौन सा है?

### क्यों जरूरी हैं आफ्टर शेव लोशन?

आफ्टर शेव लोशन का आविष्कार मूल रूप से शेविंग के दौरान लगने वाले छोटे कट्स के उपचार और एंटीसेप्टिक उत्पाद के रूप में किया गया था।

## फटी हुई एड़ियों को ऐसे करें मॉइस्चराइज



बदलते हुए मौमस में जहां हम अपने चेहरे और हाथों की देखभाल करते केयर कर लेते हैं तो वहीं पैरों के मामले में थोड़ा केयरलेस हो जाते हैं। पैरों की त्वचा का सही तरीके से ध्यान नहीं रखने से एड़ियां फट जाती हैं जिसकी वजह से इनकी कोमलता खो जाती है। अब आप घर पर ही फटी हुई एड़ियों को मॉइस्चराइज कर सकते हैं सकती है। इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे आसान उपाय, जिनसे आपको पैरों की त्वचा का ख्याल रखने में मदद करेंगी।

**शहद** : फटी हुई एड़ियों को मॉइस्चराइज करने के लिए शहद का इस्तेमाल कर सकते हैं। शहद में एमिनो एसिड्स, विटामिन्स, मिनरल्स, आयरन, जिंक एंड एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे कई गुण होते हैं जो फटी हुई एड़ियों को हील करने में मदद करते हैं।

**घी** : शहद के अलावा फटी हुई एड़ियों को हील करने के लिए घी का इस्तेमाल भी किया जा सकता है। घी में फैटी एसिड्स की अच्छी मात्रा होती है। इसके अलावा इसमें कई सारे विटामिन भी होते हैं जो फटी हुई एड़ियां ठीक करने का काम भी करते हैं।

**एलोवेरा** : एलोवेरा भी फटी हुई एड़ियों को ठीक करने में उपयोगी है। एलोवेरा औषधीय गुणों से भरपूर है। फटी हुई एड़ियों पर एलोवेरा जेल को लगाने से त्वचा कोमल और मुलायम रहती हैं।

**नारियल तेल:** नारियल तेल को प्राकृतिक मॉइस्चराइजर कहा जाता है। जहां नारियल का तेल बालों और त्वचा के उपयोगी है तो वहीं फटी एड़ियों की दरारें को कम करने में नारियल तेल उपयोगी है।

**दूध की मलाई:** दूध की मलाई भी फटी एड़ियों को ठीक करने का काम करती है। मलाई प्राकृतिक उपाय है और अगर आप फटी एड़ियों पर मलाई लगाते हैं तो त्वचा में आई दरारें ठीक हो जाती है साथ ही पैरों की त्वचा नरम रहती है।

कार्नर न्यूज

### फैशन के हिसाब से खरीदें जींस, मिलेगा स्मार्ट लुक

## जींस में दिखना है एक्स्ट्रा स्मार्ट तो ध्यान दें इन टिप्स पर, लोग तारीफ करेंगे आपकी

*जींस एक बहुत ही आम पहनावा बन चुका है। हर उम्र के लोग इसे पहन रहे हैं। लेकिन अफसोस की ये सब पर बेस्ट लुक नहीं देती है। दरअसल लोग जींस फैशन के हिसाब से खरीदते हैं। जबकि जींस फैशन के हिसाब से नहीं बल्कि बॉडी पर सही फिटिंग के हिसाब से चुनी जानी चाहिए। चुनाव के कुछ तरीके और भी हैं। सही जींस कैसे चुनी जा सकती है, तरीके हम बताते हैं-*



### बॉडी शेप को पहचानें

जींस लेने से पहले अपने बॉडी टाइप और आकार को पहचानना जरूरी होता है। लेकिन जींस के हिसाब से खुद को फिट करने के लिए अपने बॉडी टाइप की जानकारी जरूरी होती है। अगर आप लंबे और पतले हैं तो आपके ऊपर स्किनी और स्ट्रेट लेग जींस फिट आएगी। पियर शेप बॉडी पर कर्वी फिट जींस अच्छी लगेगी। अगर कमर पर मोटापा ज्यादा है तो हाई राइज जींस पहनें। इससे कमर छोटी और थोड़ी पतली दिखेगी।

### जो कभी न हो आउट ऑफ फैशन

जींस का वो पैटर्न खरीदें, जो कभी आउट ऑफ़ फैशन नहीं होता है। जैसे हाईराइज जींस या स्ट्रेट लेग जींस। जबकि बूटलेग्स जैसे जींस का फैशन हमेशा नहीं आता है।

### सबसे अच्छा फैब्रिक

जींस का सबसे अच्छा फैब्रिक वो होता है जो पहले टच में ही सॉफ्ट लगे। साथ में इसमें थोडा स्ट्रेच भी हो लेकिन ये शेपलेस न हो। इस तरह की क्वालिटी की जींस खरीद कर आप सालों तक इसे इस्तेमाल कर पाएंगे। हो सकता है ऐसे फैब्रिक में जींस थोड़ी महंगी मिले लेकिन ये आपका साथ लंबे समय तक देगी।

### ट्रेडिशनल ब्लू डेनिम है परफेक्ट

जींस का ट्रेडिशनल ब्लू कलर हमेशा वाला कलर है। ये कई सारे रंगों के साथ मैच होता है तो हर फैशन ट्रेंड का हिस्सा भी होता है। इसको पार्टी वियर अपर के साथ भी पहना जा सकता है तो कैजुअल आउटिंग के साथ भी। इसके साथ ब्लैक डेनिम भी ऐसा कलर है जो काफी मौकों पर पहना जा सकता है। रात वाले मौकों पर तो ये बहुत ही अच्छी लगती है।

